निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | सोमवार 13 जून 2022 | पीडीएफ अंक-54 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

## मौसम

अधिकतम –43 सूर्योदय – 5 : 22
न्यूनतम – 30 सूर्यास्त – 7 : 19

## सोना चांदी


साप्ताहिक मुद्रा बाजार बंद

## अर्थसार

साप्ताहिक शेयर बाजार बंद

## न्यूज फ्लैश

## बीते आठ साल में युवाओं को सशक्त करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी : प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 8 वर्षों के दौरान युवाओं को सशक्त बनाने के लिए किए गए सुधारों का विवरण साझा करते हुए कहा कि हमने युवाओं को सशक्त करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने वेबसाइट और नमो ऐप से एक माई गाव ट्वीट श्रृंखला और लेख साझा किए हैं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, भारत की युवा शक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय प्रगति में योगदान दे रहे हैं। लेखों के ये सेट युवा विकास के कुछ मुख्य प्रयासों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं। मोदी ने माई गाव पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के आठ साल की बड़ी उपलब्धियों के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमारी सरकार में 8 साल युवाओं को उनके सपनों को प्राप्त करने और उनकी क्षमता को पूरा करने में सक्षम बनाने के बारे में रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, देश की युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है और बीते आठ वर्षों में हमने इसे सशक्त करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। नई शिक्षा नीति हो या आईआईटी और आईआईएम का विस्तार, नए स्टार्ट-अप्स और यूनिकॉर्न से लेकर खेलो इंडिया केंद्र तक, इन सबके साथ युवाओं के लिए हर जरूरी पहल की गई है।

## दिल्ली के यमुना खादर इलाके में हैंड ग्रेनेड मिलने से हड़कंप



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर इलाके में हैंड ग्रेनेड मिलने से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एनएसजी की टीम को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एनएसजी की टीम ने काफी मशक्कत के बाद ग्रेनेड को डिफ्यूज किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात 8.15 बजे मयूर विहार के डीएनडी फ्लाई ओवर के पास हैंड ग्रेनेड मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मयूर विहार थाना पुलिस की टीम और पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी एनएसजी की टीम को दी। मौके पर पहुंची एनएसजी की टीम ने काफी जांच के बाद ग्रेनेड को डिफ्यूज कर जब्त कर लिया। फिलहाल, यह साफ नहीं हो पाया है कि यमुना खादर इलाके में ग्रेनेड कहां से आया। जहां पर ग्रेनेड मिला है वहां से कुछ दूरी पर ही कबाड़ियों का गोदाम है, पूरे मामले की जांच की जा रही है। कबाड़ी का कारोबार करने वाले लोगों के साथ ही यमुना खादर में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस की तरफ से पूरी घटना पर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, इसलिए यह भी साफ नहीं हो पाया है कि बरामद ग्रेनेड की संख्या कितनी है।

## मौसम विभाग का अनुमान, 15 जून से पहले दिल्ली वासियों को नहीं मिलेगी गर्मी से राहत

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दिल्ली में गरज के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने, बिजली गिरने और सतही हवाएं चलने की उम्मीद है, लेकिन 15 जून तक गर्मी से कोई बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है। निजी मौसम एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है, कि 15 जून तक दिल्ली, हरियाणा, उत्तर पश्चिमी राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बने रहने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार और झारखंड के इलाकों में भी लू का प्रकोप अगले 2 दिन तक जारी रहेगा। गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाओं के कारण पश्चिमोत्तर और मध्य भारत 2 जून से लू की चपेट में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले 2 दिनों के दौरान पश्चिमी प्रायद्वीपीय तट पर तेज बारिश होने की संभावना है। अगले 5 दिनों तक पूर्वोत्तर भारत और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का मौजूदा दौर जारी रहने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मुंबई सहित कोंकण के अधिकांश हिस्सों और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में दस्तक दे दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र के निदेशक ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर कुछ इसतरह के कारक तैयार हो रहे हैं, जो पूरे राज्य का मौसम बदल देने वाले हैं। अभी 2-3 दिन भीषण गर्मी बर्दाश्त करना होगा। पूर्वी यूपी के ऊपर निम्न हवा के दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसका असर 15 जून से दिखेगा। बीच-बीच में बादली छाएंगे, तापमान में भी मामूली गिरावट आ सकती है। मानसून अभी पूर्वोत्तर के राज्यों को भिगो रहा है। यूपी में 17 से 20 जून के बीच मानसून प्रवेश कर सकता है। बिहार और बंगाल की सीमा पर मौजूद मानसूनी रेखा में मौसम विभाग ने आगामी 2 दिनों में गति पकड़ने की उम्मीद जाहिर की है। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार पूर्वोत्तर में मानसून तय समय पर है, लेकिन दक्षिण की ओर लगभग 5 दिन पीछे चल रहा है। इसके बाद मानसून ने अगर गति नहीं पकड़ी, तब तय समय पर उसके उत्तर और मध्य भारत पहुंचने की उम्मीद कम है। वहीं अरब सागर के साथ ही बंगाल की खाड़ी में भी मानसूनी गति के मुताबिक हालात हो चुके हैं। इस लिहाज से आने वाले दिनों में मौसम का रुख बदलने और मानसून के आगे बढ़ने की उम्मीद बलवती हुई है।

# प्रधानमंत्री की देशवासियों से अपील, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का बने हिस्सा




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर 27 सितंबर 2014 का संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिया अपना भाषण भी साझा किया है जिसमें उन्होंने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का आग्रह किया था। बाद में संयुक्त राष्ट्र ने प्रधानमंत्री के सुझाव पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को ट्वीट में कहा, कुछ ही दिनों बाद दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। मेरा आग्रह है कि आप सभी योग दिवस का हिस्सा बनें और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इसके एक नहीं, अनेक लाभ हैं। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2014 के अपने भाषण में कहा था, ह्लयोग हमारी पुरातन पारंपरिक अमूल्य देन है। योग मन व शरीर विचार व कर्म संयम व उपलब्धि की एकात्मता का तथा मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य का मूर्त रूप है। यह स्वास्थ्य व कल्याण का समग्र दृष्टिकोण है। योग केवल व्यायाम भर न होकर अपने आप से तथा विश्व व प्रकृति के साथ तादाम्य को प्राप्त करने का माध्यम है। यह हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर तथा हममें जागरुकता उत्पन्न करके जलवायु परिवर्तन से लड़ने में सहायक हो सकता है। आईये हम एक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आरंभ करने की दिशा में कार्य करें। इस वीडियो में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज भारत की पहल पर 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किये जान पर प्रसन्नता व्यक्त करती दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा को संबोधित करते हुए ये चाहा था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। मात्र 75 दिनों में 177 देशों के सह संयोजक बनकर ये प्रस्ताव पारित हुआ। यह अपने आप में कीर्तिमान बना कि 177 देश सह प्रायोजक बने। योग केवल व्यायाम नहीं है। योग एक तनाव ग्रस्त व्यक्ति का तनाव से मुक्त करता है। योग अशांत मन को शांत करता है।

## नूपुर शर्मा के खिलाफ बंगाल में भी दर्ज हुई प्राथमिकी



**कोलकाता।** पैगम्बर मोहम्मद को लेकर विवादास्पद टिप्पणी के मामले में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ पश्चिम बंगाल में प्राथमिकी दर्ज की गई है। तृणमूल कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता अबू सोहेल ने पूर्व मेदिनीपुर के कांथी थाने में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रविवार को अबू सोहेल ने बताया कि प्राथमिकी की प्रति उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस आयुक्त, पश्चिम बंगाल पुलिस के डीजीपी और पूर्व मेदिनीपुर के एसपी को भी प्राथमिकी की प्रति भेजी गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि तुरंत अगर नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी तो सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अबू सोहेल सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हैं और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के अल्पसंख्यक सेल के महासचिव हैं। नुपुर के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 153 ए, 504, 505 और 506 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का आवेदन उन्होंने किया है। अबू सोहेल ने कहा कि दिल्ली की रहने वाली शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की है जिसका विरोध जरूरी है। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है इसीलिए मैंने प्राथमिकी की प्रति केंद्रीय गृह मंत्रालय से लेकर राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी है। अगर फिर भी कार्रवाई नहीं होगी तो सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे।

## राष्ट्रपति चुनाव : नड्डा-राजनाथ करेंगे राजनीतिक दलों से चर्चा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों से चर्चा के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अधिकृत किया है। दोनों नेता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के घटक दलों तथा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं सहित निर्दलीय नेताओं से विचार-विमर्श करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं की ओर से शीघ्र ही विचार-विमर्श शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने देश के 16वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में सोमवार 18 जुलाई को मतदान होगा और 21 जुलाई को नतीजे आयेंगे। वर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

## अयोध्या के बाद काशी, मथुरा में भी भगवान का ऐश्वर्य पुनः प्रकट होगा: केन्द्रीय मार्गदर्शक मण्डल

**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में संतों ने काशी और मथुरा को लेकर कड़े तेवर दिखाए हैं। साथ ही देश में समान नागरिक कानून की मांग करते हुए हिन्दुओं के विरुद्ध किए जा रहे धर्मान्तरण और लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों के विरुद्ध गांव-गांव जाकर हिन्दू समाज के जागरण का निर्णय लिया है। जुमे की नमाज के बाद अनेक स्थानों पर हुए दंगों पर तीव्र आक्रोश जाहिर करते हुए संतों ने योगी सरकार की तर्ज पर सभी स्थानों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। दो दिन चली बैठक के समापन के पश्चात निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह शास्त्री महाराज और विहिप के केन्द्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी हिन्दुओं के लिए सर्वाधिक महत्व के स्थान हैं। इस विषय में संतों का मानना है कि अयोध्या की भांति काशी की ज्ञानवापी और मथुरा की मस्जिद भी वास्तव में मंदिर ही हैं। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा में भी भगवान का ऐश्वर्य पुनः प्रकट होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी को लेकर अदालत में प्रक्रिया चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने जहां पर शिवलिंग प्रकट हुआ है, उस स्थान की सुरक्षा का आदेश दिया है। संतों का मानना है कि हमें अयोध्या की भांति काशी और मथुरा के मामले में भी कोर्ट पर भरोसा है। कोर्ट के निर्णय के बाद अगर आवश्यकता पड़ी तो संत दोनों स्थानों को लेकर आगे की रूपरेखा बनाएंगे। मार्गदर्शक मण्डल का स्पष्ट मत है कि तीनों स्थान हिन्दू समाज को प्राप्त होने चाहिए। संतों ने समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल पर उत्तराखंड सरकार को साधुवाद दिया और केन्द्र सरकार से मांग की कि सम्पूर्ण देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। सरकार को हिन्दू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की सरकार से संतों ने मांग की। संतों ने लव जिहाद और धर्मान्तरण को विधर्मियों की साजिश बताया और कहा कि सख्त कानून बनाने की मांग के साथ संत गांव-गांव और घर-घर जाकर इन षड्यंत्रों को रोकने के लिए जनजागरण करेंगे। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के बाद देश के अनेक स्थानों पर सुनियोजित तरीके से दंगे हुए, इस पर संतों ने तीव्र आक्रोश प्रकट किया है। संतों ने इस बात पर आपत्ति जतायी की धर्म स्थान के बाहर आकर पत्थर उठाकर कानून हाथ में लेने का आखिर क्या काम है। संतों का मानना है कि ऐसे दंगाइयों के खिलाफ योगी सरकार की तर्ज पर सारे देश में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कश्मीर में हो रही टारगेट किलिंग पर संतों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हिन्दू पुनः वापस आ रहे हैं। यह बात अलगाववादियों और राष्ट्रविरोधियों को रास नहीं आ रही है। सरकार को इससे सख्ती से निपटना चाहिए। वैसे भी विगत कुछ माह में वहां 135 आतंकवादी मारे गए हैं, जो एक अच्छा संकेत है।

## अयोध्या कचहरी को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**-डाक से मिले पत्र के बाद प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाई गई**
**-पुलिस छावनी में तबदील हुई रामनगरी**



**अयोध्या।** अयोध्या में कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रविवार को जिला जज के न्यायालय को स्पीड पोस्ट से मिले पत्र के बाद कचहरी और प्रमुख मन्दिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरी रामनगरी को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया है। धमकी भरे पत्र मिलने के मामले में चौकी इंचार्ज सिविल कोर्ट विनय कुमार ने कोतवाली नगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धमकी भरे पत्र में थाना पूराकलंदर के दौलतपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के नाम का जिक्र किया गया, जब पुलिस ने उस व्यक्ति से पूछताछ की तो वह मामले से अनजान निकला। इधर, धमकी भरे पत्र मिलने के बाद पूरे कोर्ट परिसर की डॉग स्क्वायड के साथ छानबीन की जा रही हैं। इसके साथ ही पुलिस ने कोर्ट परिसर के गेट पर फोर्स तैनात कर दी है और डॉग स्क्वायड के जरिए संदिग्धों पर नजर बनाए हुए है। अयोध्या में कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में यूपी एटीएस, स्थानीय पुलिस के साथ जांच एजेंसी भी सक्रिय हो गई है। यह पत्र कहा से आया और किसने भेजा है और इसके पीछे का मकसद क्या है इसको लेकर तहकीकात शुरू कर दी गई है। फिलहाल श्रीराम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, सहित मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## आज ईडी के सामने राहुल गांधी की पेशी, एजेंसी के 25 कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नोटिस जारी करने के मद्देनजर, कांग्रेस के नेता तथा 13 जून को देश भर में जांच एजेंसी के 25 कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने इसकी जानकारी दी। पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर सोनिया और राहुल गांधी को एक झूठे मामले में फंसाने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सोनिया और राहुल के खिलाफ बदला लेने की राजनीति कर रही है। उन्होंने ह्यह्यकेंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके विपक्ष को चुप कराने की केंद्र सरकार की चाल के तहत, ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी को फर्जी मामले में फंसाकर नोटिस जारी किया है। भाजपा के इस तानाशाही वाले रवैये के विरोध में ईडी कार्यालयों के सामने प्रदर्शन होगा। गौरतलब है कि निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक नया समन जारी कर नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 23 जून को पूछताछ लिए पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। गांधी (75) को पहले 8 जून को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन कोरोना से संक्रमित होने के कारण उन्होंने पेशी के लिए ईडी से नए तारीख की मांग की थी। अधिकारियों ने कहा है कि सोनिया गांधी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए 23 जून की तारीख दी गई है। जहां मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

## पंजाब में पहली बार 7275 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी पर मूंग की खरीद शुरू

**-कुल फसल की 58 प्रतिशत आमद होने से जगराओं मंडी बनी अग्रणी**



**चंडीगढ़।** पंजाब में किसानों को मूंग की पैदावार के प्रति उत्साहित किए जाने के बाद राज्य सरकार ने ग्रीष्म ऋृतु की मूंग दाल की फसल 7275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से सीधे रूप से खरीदनी शुरू कर दी है। लुधियाना की जगराओं मंडी में अब तक कुल फसल की 58 प्रतिशत आमद हुई है, जिससे यह मंडी पंजाब में अग्रणी बन गई है। ग्रीष्म ऋृतु की मूंग की दाल 7275 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदने से किसानों को गेहूं काटने के बाद और धान की फसल लगाने से पहले के समय के दौरान इस फसल के औसत पांच क्विंटल की उपज निकलने पर प्रति एकड़ 36000 रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। पिछले साल 50,000 एकड़ क्षेत्रफल मूंग की दाल के कृषि अधीन था। इस साल राज्य भर में 4.75 लाख क्विंटल उपज होने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि इस प्रयास से हम भूजल जैसे बेशकीमती प्राकृतिक संसाधन को बचाने के अलावा जमीन की उपजाऊ शक्ति में सुधार कर सकेंगे और किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। इस कदम से निश्चित रूप से धान की कम समय में तैयार होने वाली किस्मों की पैदावार होगी, जिससे भूजल की 10-20 प्रतिशत बचत होगी। पंजाब मंडी बोर्ड ने मूंग की दाल की फसल 31 जुलाई तक खरीदने के लिए राज्य भर में 40 मंडियां अधिसूचित की हैं। पंजाब मंडी बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य भर की विभिन्न मंडियों में 1503 क्विंटल मूंग की दाल की फसल की आमद हुई है, जिसमें से अब तक 878 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है। राज्य की एजेंसी मार्कफैड ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 663 क्विंटल, जबकि बाकी 215 क्विंटल निजी एजेंसियों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक भाव पर खरीदी। राज्य भर की मंडियों में अब तक हुई कुल आमद में अकेली जगराओं मंडी में 790 क्विंटल फसल (58 प्रतिशत) पहुंची है, जबकि इसके बाद बरनाला की मंडियां शामिल हैं, जहां 510 क्विंटल फसल पहुंची है। जगराओं मंडी में पहुंची 790 क्विंटल मूंग की दाल में से राज्य की खरीद एजेंसी मार्कफैड और प्राइवेट एजेंसियों ने 555 क्विंटल को न्यूनतम समर्थन मूल्य या इससे अधिक भाव पर खरीदा।

## उप्र पुलिस की उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी, अब तक 304 गिरफ्तार

**– बुल्डोजर से गिराये जा रहे घर**



**लखनऊ।** जुमे की नमाज के बाद बवाल करने वाले उपद्रवियों को पुलिस ढूंढ-ढूंढकर गिरफ्तार कर रही है। अब तक अलग-अलग शहरों से 304 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं, सहारनपुर और कानपुर में उपद्रवियों के भवनों पर बुल्डोजर चला। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि जिन-जिन जिलों में उपद्रव हुआ है। पुलिस अब उन उपद्रवियों की पहचान करके गिरफ्तारी कर रही है। अब तक 304 लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी है। इनमें प्रयागराज से 91, सहारनपुर से 71, हाथरस से 51, अम्बेडकरनगर और मुरादाबाद से 34-34, फिरोजाबाद 15, अलीगढ़ से 06, जालौन से 02 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। कुल 13 एफआईआर दर्ज हुई, जिनमें प्रयारागज, सहारनपुर में 03-03 और बाकि शहरों एक-एक मुकदमें दर्ज हुए हैं। ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। किसी भी हालत में दोषी बख्शे नहीं जायेंगे और निर्दोष को छुआ तक नहीं जायेगा।

**बुल्डोजर भी गरजा –** एक तरफ जहां उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है तो दूसरी ओर उपद्रवियों के भवनों पर बुल्डोजर गरजा। इसी के तहत शनिवार को कानपुर में केडीए ने उपद्रव के मास्टर माइंड हयात जफर हाशमी के रिश्तेदार मोहम्मद इश्तियाक की अवैध बनी बिल्डिंग को धवस्त कर दी। उधर सहारनपुर में भी उपद्रव मामले में फरार चल रहे दो उपद्रवियों के अवैध मकानों पर भी बुल्डोजर गरजा।

DELHI CRIME 13 june 2022:Layout 1 6/12/2022 6:12 AM Page 2



# सम्पादकीय

## ओआईसी का दोगला चरित्र

कभी-कभी तो लगता है कि कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठन सिर्फ भारत को कोसने या भारत के खिलाफ प्रस्ताव परित करने के लिए ही बने हुए हैं। उनका कोई दूसरा काम ही नहीं है। इस तरह के एक संगठन का नाम है इस्लामिक सहयोग संगठन यानी ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉन्फ्रेंस (ओआईसी)। यह बात-बात पर सिर्फ भारत को कोसता रहता है। ताजा मामले में भारत को इसलिए कोस रहा है क्योंकि बकौल इसके भारत में अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किय जा रहा है। ओआईसी तब तो सोता रहता है जब इस्लामिक देशों में गैर-मुसलमानों के साथ या चीन में मुसलमानों पर जुल्म-ओ-सितम होता है। ओआईसी दुनियाभर के 57 इस्लामिक देशों का संगठन होने का दावा करता है। पर ये सऊदी अरब तथा ईरान के बीच गहरे मतभेदों के कारण चार कदम भी आगे नहीं बढ़ पाता है। सऊदी अरब अपने को सुन्नी मुस्लिम देशों का नेता मानता है। उधर, ईरान अपने को शिया मुसलमानों का संरक्षक समझता है। ओआईसी अपने सदस्य देशों के बीच चल रहे आपसी विवादों को सुलझा पाने में भी आमतौर पर नाकाम ही रहता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में लगातार तनातनी चलती रहती है पर ओआईसी इनके मतभेदों को दूर करने में विफल रहा है। ओआईसी को इस बात से भी कोई मतलब नहीं है कि सिर्फ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक लाख से अधिक बिहारी मुसलमान शरणार्थी कैंपों में नारकीय जिंदगी गुजार रहे हैं। बिहारी मुसलमान भारत के बंटवारे के वक्त पूर्वी पाकिस्तान में चले गए थे जो कि अब बांग्लादेश है । जब तक बांग्लादेश नहीं बना था तब तक तो इन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई। पर बांग्लादेश बनते ही बंगाली मुसलमान इन बिहारी मुसलमानों को अपना शत्रु मानने लगे। इसकी मोटा-मोटी वजह यह थी कि ये बिहारी मुसलमान तब पाकिस्तान सेना का खुलकर साथ दे रहे थे जब पाकिस्तानी सेना पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में कत्लेआम कर रही थी। बिहारी मुसलमान नहीं चाहते थे कि पाकिस्तान बंटे। तब से ही इन्हें बांग्लादेश में नफरत की निगाहों से देखा जाता है। ये पाकिस्तान जाना भी चाहते हैं। पर नमकहराम पाकिस्तान सरकार इन्हें अपने देश में लेने को तैयार नहीं है। तो यह हाल है अपने को ओआईसी का नेता बनने वाले पाकिस्तान का। इस्लामिक देशों के लिए फिलिस्तीन का सवाल बेहद अहम रहा है पर ओआईसी ने इजरायल के खिलाफ बयानबाजी करने के अलावा कुछ ठोस पहल नहीं की। हां, यह बीच-बीच में बयान जारी करके इजरायल को चेतावनी दे देता है फिलिस्तीनी लोगों और इस्लामिक दुनिया की भावनाओं को भड़काने की इजरायल की कोशिशों के भयानक परिणाम होंगे। हालांकि कभी इसने यह नहीं बताया कि कितने भयानक परिणाम होंगे और कैसे और क्या होंगे ये परिणाम । यह दोगलापन नहीं है तो क्या है? और चीन के नाम से तो मानो ओआईसी की जान ही निकलती है। सारी दुनिया को पता है कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार हो रहे हैं। चीन ने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को कसा हुआ है। उन्हें खानपान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है,जो उनके धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। ये सब कुछ कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर हो रहा है। इस सबके बावजूद इस्लामी दुनिया इन अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि ओआईसी ने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज नहीं किया है। आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में दस लाख से अधिक चीनी मुसलमानों को भयंकर ढंग से डराया-धमकाया जाता है। ये सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। इस सबके बावजूद ओआईसी ने चीन को पिछले मार्च में हुए ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में शिरकत करने की दावत दी। ये सम्मेलन इस्लामाबाद में 22-23 मार्च को हुआ था। चीन ने ओआईसी सम्मेलन में भाग भी लिया। अब भारत को हिजाब से लेकर कश्मीर और नुपुर शर्मा के बयान पर कोसने वाले इस्लामिक देश और उनके संगठन का दोहरा चेहरा देख लें। ओआईसी सम्मेलन में चीन की भागेदारी का किसी भी इस्लामिक देश ने विरोध नहीं किया। क्या कोई बता सकता है कि दस लाख से अधिक मुसलमानों पर चीनी दमन पर इस्लामिक संसार ने आंखों में पट्टी क्यों बांधी हुई हैं? क्या ये चीनी मुसलमानों को अपना नहीं मानते? अब रोहिंग्या मुसलमानों को शरण देने के मसले को ही ले लें। म्यांमार के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश ने भी रोहिंग्या मुसलमानों को शरण देने से मना कर दिया था।

## अभिव्यक्ति के मामले में दोहरा मापदण्ड क्यों?



लेखक- सुरेश हिन्दुस्थानी /ईएमएस



किसी शायर ने कहा है कि- तुम कत्ल करो तो चर्चा नहीं होती, हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम। वर्तमान में हमारे देश में कुछ ऐसा ही घटित हो रहा है। देश में जिस प्रकार से वैमनस्य बढ़ाने वाला वातावरण बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वह निश्चित ही देश की उस सांस्कृतिक अवधारणा को तार तार करने वाला ही कहा जा सकता है, जिसमें विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। जिसमें सांप्रदायिकता की चौड़ी होती हुई खाई को मिटाने का साहस है। इस प्रकार का वातावरण बनाने में जहां देश के ही कुछ व्यक्ति शामिल होते दिखाई देते हैं, वहीं यह भी देखने में आता है कि कुछ भारत विरोधी शक्तियां ऐसे प्रयासों में आग में घी डालने का काम करने वाली होती हैं। हम यह समझने में अक्सर भूल कर बैठते हैं कि ऐसा कोई भी प्रयास जहां भारत के सांप्रदायिक सौहार्द की भावना पर क्रूरता पूर्वक प्रहार कर रहा है, वहीं भारत के उन कदमों में बेड़ियां डालने का प्रयास कर रहा है, जो मूल भारत की ओर निरंतर बढ़ रहे हैं। हम यह भली भांति जानते हैं कि अब भारत अपने स्वत्व को पहचानने लगा है, अपने विस्मृत गौरव को आत्मसात भी करने लगा है। विदेशी शक्तियों का यह सुनियोजित हस्तक्षेप भारत को महाशक्ति बनने से रोकने का ही कदम है। यहां सवाल यह नहीं है कि विदेशी शक्तियां ऐसा क्यों कर रहीं हैं? सवाल तो यह है कि भारत के जिम्मेदार नागरिक इनके द्वारा जो नैरेटिव सेट किया जा रहा है, उसके बहकावे में क्यों आ जाते हैं? विदेशी शक्तियां यह कभी नहीं चाहतीं कि भारत अपने पुरातन और स्वर्णिम विरासत को प्राप्त करने की ओर आगे बढ़े। इसलिए यहां के सामाजिक ताने बाने को बिगाड़ने का खेल चल रहा है। हम यह भली भांति जानते हैं कि विदेशियों ने भारत को अपने स्वत्व से अलग करने का भरपूर प्रयास किया। इसके लिए भारतीय समाज में फूट डालो और राज करो की नीति भी अपनाई गई। जिसके कारण भारत की सामूहिक शक्ति का बिखराव हुआ और भारत अपनी शक्ति को भूल गया। आज भी विदेशी शक्तियों का भारत को देखने का अंग्रेजों जैसा ही दृष्टिकोण है। अभी हाल ही में नूपुर शर्मा के एक बयान को लेकर जिस प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास किया गया, वह समय निकलने के साथ ही अब ऐसा दृश्य दिखा रहा है, जो किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा भी हो सकता है। इसका मूल कारण नूपुर शर्मा नहीं, बल्कि भारत की वह बढ़ती ताकत है, जो कई देशों को एक झटके में छोटा कर रही है। वास्तविकता यह है कि भारत ने किसी को छोटा करने का प्रयास नहीं किया, बल्कि भारत ने अपने मूल को पहचानते हुए अपने आपको इतना बड़ा कर लिया है कि बहुत से देश भारत के समक्ष छोटे नजर आने लगे हैं। इन देशों को यह सहन नहीं हो रहा है कि भारत की ताकत क्यों बढ़ रही है। यहां मेरे यह लिखने का तात्पर्य यह कतई नहीं है कि हम नूपुर शर्मा का समर्थन कर रहे हैं और न ही देशवासी ऐसी किसी बात का समर्थन ही करेंगे। मुख्य सवाल यहां यह भी है कि नूपुर शर्मा को ऐसा बोलने के लिए उकसाया गया। अगर टीवी चैनल पर हुई बहस को पूरा देखा जाए तो यह सच सामने आ जाएगा। सवाल यह भी है कि पूरी बहस को एक पक्षीय क्यों बनाया जा रहा है, जबकि ज्ञानवापी मामले को लेकर भगवान शिव के बारे में क्या कहा गया, इस मामले को भी बताया जाता। अगर कल के दिन जिसे फव्वारा बताया जा रहा है, वह वास्तव में शिवलिंग निकला, तब क्या यह टीवी चैनल वाले इसे सही रूप में प्रस्तुत करने का सामर्थ्य दिखाएंगे। टीवी चैनल वाले ऐसे बहस के कार्यक्रमों पर विराम लगाने का प्रयास करें, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ता है। और विशेष बात यह है कि उकसाने वाले प्रयास तो बिलकुल नहीं होना चाहिए। यह सही है कि भारत का मुसलमान भारतीय संस्कृति का पालन करने वाला है, लेकिन उसे हिन्दुस्तान की मुख्य धारा से अलग करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। इसी कारण आज देश में मुसलमानों को धर्म के नाम पर भड़काकर हिन्दू धर्म के विरोध में खड़ा करने का प्रयास करते हुए भारत से दूर किया जा रहा है। गरीबी और झोंपड़ी में रहने वाला मुसलमान उनके बहकावे में आकर अपने परिवार को विकास की धारा में शामिल नहीं कर पा रहा है। इसके विपरीत इनके नाम पर राजनीति करने वाले मुसलमान अपने आपको संपन्न जरूर बनाते जा रहे हैं।


इसी कारण वह इस सत्य को भी स्वीकार करने का साहस भी नहीं दिखा पा रहा कि विदेशी आक्रांता औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर को तहस नहस किया। इसके प्रमाण भी हैं, जो इसकी सत्यता को उजागर करते हैं। फिर इस सच्चाई को झुठलाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। इसी प्रकार के तथ्य अयोध्या की राम जन्म भूमि और भगवान सोमनाथ मंदिर के बारे में भी हैं। इस सत्य को भारत का मुसलमान भी जानता है, लेकिन वह इस मामले में तथ्यों को स्वीकार क्यों नहीं कर रहा, यह बड़ा सवाल है। भारत का मुसलमान भारत का ही बनकर रहे और भारत के प्रामाणिक तथ्यों को खुले रूप में स्वीकार करे, यह समय की मांग भी है और भारत की एकता बनाए रखने का आवश्यक कदम भी है। आज इस सत्य को भी समझने की आवश्यकता है कि विदेशी ताकतों ने भारत को मटियामेट करने का काम किया है। यह कार्य बहुत लम्बे समय से चल रहा है। हम जानते हैं कि भारत के पास समाज की असीम ताकत है, लेकिन यह ताकत केवल तब ही दिखाई देगी, तब समाज में एकता के भाव का प्रदर्शन होगा। समाज की फूट हमेशा दुखदायी होती है। इसी फूट के कारण भारत ने बहुत बड़ा नुकसान भी झेला है। भारत में सर्व धर्म समभाव की अवधारणा वाली संस्कृति पुरातन काल से चली आ रही है। इसका आशय यही है कि सभी धर्म और संप्रदाय के नागरिकों को सभी की आस्था और श्रद्धा का सम्मान करना चाहिए, लेकिन विसंगति यही है ऐसा व्यवहार करने की केवल हिन्दू समाज से ही अपेक्षा की जाती है। अन्य समाज पर इसे न तो लागू करने का प्रयास किया जाता है और न ही वह समाज स्वयं होकर ऐसा करने का साहस दिखाता है। इसके पीछे जो कारण है उसमें मुस्लिम समाज का कोई दोष नहीं है। दोष उनका है जो राजनीतिक फायदा उठाने के लिए इनको भ्रमित कर रहे हैं या फिर वे कट्टरपंथी मुसलमान हैं, जो इनके आधार पर अपनी राजनीति को चमकाना चाहते हैं। भारत देश में यह बहुत बड़ी विसंगति ही कही जाएगी कि हिन्दू धर्म के खिलाफ बोले जाने वाले किसी भी बयान को स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति के नाम पर समर्थन दिया जाता है, लेकिन हिन्दू समाज का कोई भी व्यक्ति अगर तथ्य आधारित कोई टिप्पणी कर देता है तो उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाकर प्रचारित किया जाता है। इस बात को अभी लोग भूले नहीं होंगे कि हिन्दू देवी देवताओं के नग्न चित्र बनाने वाले मकबूल फिदा हुसैन को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का नाम देकर उसे संवर्धित करने का प्रयास किया गया। स्वाभाविक ही है कि ऐसे कारणों से हिन्दू आस्था आहत होती है। देश में दोहरी भूमिका की राजनीति ने बहुत बड़ा नुकसान किया है। अब समय आ गया है कि ऐसी राजनीति बंद होना चाहिए, क्योंकि आज का भारत बदल रहा है, भारत को दुनिया सलाम कर रही है। हम इस परिवर्तन के सहयोगी बनें और दुनिया में साहस के साथ खड़ा होने का सामर्थ्य पैदा करें। इसी में हम सबकी भलाई है और इसी में भारत की भलाई है।

**लेखक राष्ट्रीय चिंतक व विचारक हैं।**

## आज का कार्टून।




## 2002 से 2007 का गुजरात मॉडल भूले मोदी



लेखक-सनत कुमार जैन /ईएमएस



2002 से 2007 तक गुजरात राज्य का मोदी राज उनका सबसे बेहतर कार्यकाल था। इस बीच गुजरात में शांति बनी रही। गोधरा कांड के बाद गुजरात के मुस्लिमों में भय व्याप्त था। 2002 के विधानसभा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीतकर भाजपा ने उनके सशक्त नेतृत्व एवं हिन्दू सम्राट के रुप में स्वीकार किया। दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने हिन्दू मुस्लिमों के विवाद को गुजरात में जड़ से समाप्त कर दिया था। 2002 के मोदी राज में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयं संघ की गतिविधियां सार्वजनिक रुप से गुजरात में बंद हो गई थी। गोधरा कांड के बाद कट्टर हिन्दूवादी नेता की छबि बनने के बाद मोदी ने संघ, बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद की गतिविधियों पर अप्रत्यक्ष रुप से रोक लगा दी। जिसका विरोध हिन्दू संगठन नहीं कर सके।

मुस्लिमों में भी गोधरा कांड के बाद भय व्याप्त था। परिणाम स्वरुप 2002 से 2007 के बीच अन्य राज्यों की तुलना में कानून व्यवस्था की स्थिति सबसे बेहतर थी। परिणाम स्वरुप मुस्लिमों के वोट भी भाजपा की झोली में गिरने लगे। नरेन्द्र मोदी के काल में मुस्लिम सुरक्षित हो गए थे। 2002 के पहले गुजरात में मंदिरों के सामने घंटा बजाकर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता अपनी भक्ति सार्वजनिक रुप से प्रदर्शित कर मुस्लिमों को चुनौती देते थे। वहीं शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम एकत्रित होकर ताकत का प्रदर्शन करते थे। परिणाम स्वरुप हर सप्ताह गुजरात के किसी न किसी भाग में धारा 144 कर्फ्यू, हिंसा एवं तोड़फोड़ की घटनायें आम थी। नरेन्द्र मोदी ने 2002 के बाद से गुजरात राज्य के हिन्दू और मुस्लिम संगठनों के उग्रवादी एवं बड़बोले नेताओं पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया था। जिसके कारण अशांत गुजरात शांति का टापू बन गया।

वहीं मुस्लिमों में भी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित होने का भरोसा जागा। पहली बार बड़ी संख्या में गुजरात के मुस्लिमों ने 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट दिया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2002 से 2007 का गुजरात मॉडल सारे देश में लागू होता, तो देश का विकास एवं गुजरात मॉडल बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ता। किन्तु 2014 का लोकसभा और उसके बाद विधानसभा चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से देश में हिन्दू-मुस्लिमों के बीच धुव्रीकरण और नफरत की राजनीति को बढ़ाया गया। उसके कारण पिछले 8 वर्षों में हिन्दू संगठन के उग्रवादी कार्यकर्ता काफी ताकतवर होकर उभरे हैं। कहावत है लाठी को उतना ही झुकाव जिससे वह टूटे नहीं। किन्तु पिछले 1 वर्ष में जिस तरह 80-20, धारा 370 मस्जिदों एवं मंदिरों के विवाद में हिन्दू संगठनों ने जिस तरह से मुस्लिम पक्ष को भयाक्रांत है। पैगम्बर पर विवादित टिप्पणी के बाद सारे देश में कानून व्यवस्था की जिस तरह खराब हो रही है वह सरकार के साथ-साथ भाजपा के लिए चिंता का विषय बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में भी हिन्दू संगठन के उग्र कार्यकताओं को नियंत्रित कर पाना भाजपा संगठन और सरकार के लिए आसान नहीं होगा। सोशल मीडिया पर जिस तरह की प्रतिक्रिया हो रही है। वह वर्ग संघर्ष को बढ़ाने वाली है।

## कर्म से बना है वर्ण




मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## प्रसंगत: ध्यान का अर्थ

एक ऋषि जंगल में अपने शिष्यों के साथ रहते थे। उनके रहने के लिए झोपड़ियां बनी थीं। उन्हीं झोपड़ियों के बीच में झाड़-फूस का एक कक्ष भी था। पूरा माहौल देखकर लगता था मानो वह जगह कोई विद्यापीठ हो। राजा को जब ऋषि के इस विद्यापीठ के बारे में पता लगा तो उसके मन में उस स्थान को देखने की उत्सुकता जागी। एक दिन वह जंगल जा पहुंचा। ऋषि ने राजा का स्वागत किया और जैसी कि राजा की इच्छा थी उसे वहां घुमाना शुरू किया। वह राजा को एक-एक झोपड़ी के पास ले गए और बताने लगे कि उनके शिष्य कहां रहते हैं। कहां स्नान करते हैं, कहां खाना खाते हैं। लेकिन राजा की उत्सुकता तो उन झोपड़ियों के बीच अलग से दिखाई देने वाले कक्ष में थी। राजा ने ऋषि से कई बार पूछा कि वह इस कक्ष में क्या करते हैं, लेकिन ऋषि ने एक बार भी उसके बारे में कुछ नहीं कहा। आखिरकार राजा झुंझला गया। उसने जोर से कहा, 'आपने मुझे हर जगह घुमाया। हरेक स्थान के बारे में बताया पर इस कक्ष को न तो आपने दिखाया और न ही मेरे बार-बार पूछने पर भी यह बताया कि आप और आपके शिष्य इसमें क्या करते हैं?' ऋषि बोले, 'राजन हम इस कक्ष में कुछ नहीं करते हैं? हम यहां मात्र ध्यान में जाते हैं। ध्यान कुछ करना नहीं है। अगर मैं आपके पूछने पर यह उत्तर दूं कि हम यहां ध्यान करते हैं तो यह गलत होगा। क्योंकि ध्यान कोई क्रिया नहीं हैं। इसलिए जब भी आपने इस कक्ष के बारे में पूछा मुझे चुप रहना पड़ा। ध्यान तो वह स्थिति है जब ध्यानी कुछ भी नहीं करता। उसका शरीर भी शांत होता है और मन भी।' राजा ध्यान का अर्थ समझ गया।

## गहलोत की गुगली कमाल कर गई



लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा (ईएमएस)



राज्यसभा के चुनाव में एक बार फिर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जादूगरी देखने को मिली। गहलोत ने भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरते हुए आसानी से कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवारी को जितवा कर कांग्रेस आलाकमान की नजरों में अपनी राजनीति का लोहा मनवाया है। इस बार के राज्यसभा चुनाव में गहलोत ने कांग्रेस के 108 विधायकों के साथ ही निर्दलीय व अन्य दलों के सभी विधायकों को एकजुट कर यह संभव कर दिखाया। राजस्थान में राज्यसभा के लिए चार सीटों के चुनाव हुए। यह चारों सीट पूर्व में भाजपा के पास थी। मगर संख्या बल के हिसाब से इस बार कांग्रेस को तीन और भाजपा को एक सीट मिल सकती थी। लेकिन भाजपा ने हरियाणा से राज्यसभा सदस्य सुभाष चंद्रा को अपने समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया था। इस कारण प्रदेश में चुनाव की नौबत आई। 2016 में सुभाष चंद्रा हरियाणा में जोड़-तोड़ कर निर्दलीय चुनाव जीते थे। उनको वहम था कि राजस्थान में भी वो अपनी पुरानी कलाकारी दोहराएंगे। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने उनकी नहीं चली। वह मात्र 30 वोट ही प्राप्त कर सके। चंद्रा के नामांकन करते ही गहलोत सतर्क हो गए थे। उन्होंने अपने समर्थक विधायकों को एकजुट किया। सभी को उदयपुर के एक रिसोर्ट में रखा। भाजपा से कांग्रेस में आए छह विधायकों, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो विधायकों व कुछ निर्दलीय विधायकों को सरकार से शिकायतें थी। उन सभी को उन्होंने साध लिया। कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला 43 , मुकुल वासनिक को 42 और प्रमोद तिवारी को 41 वोट मिले हैं।

भाजपा के घनश्याम तिवारी को 43 वोट मिले और वह भी चुनाव जीत गए। निर्दलीय सुभाष चंद्रा को मात्र 30 वोट पर संतोष करना पड़ा। गहलोत ने भाजपा खेमे में सेंध लगाते हुए धौलपुर से भाजपा की विधायक शीलारानी कुशवाहा का वोट भी प्रमोद तिवारी को दिलवा कर क्रॉस वोटिंग करवा दी। इससे भाजपा खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। शोभा रानी कुशवाह को पार्टी से निलंबित भी कर दिया है। गहलोत कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में 200 में से 126 वोट डलवाने में सफल रहे। इनमें कांग्रेस के 108 वोट, निर्दलीय 13 वोट, माकपा के दो वोट, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो वोट, राष्ट्रीय लोक दल का एक वोट व एक भाजपा विधायक शोभा रानी कुशवाह का वोट शामिल है। यदि कांग्रेस का एक वोट निरस्त नहीं होता तो कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में 127 वोट पड़ते। राज्यसभा चुनाव में राजस्थान एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां से कांग्रेस के सबसे ज्यादा तीन सदस्य राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। राजस्थान से निर्वाचित तीनों सदस्य मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला, प्रमोद तिवारी केंद्र की राजनीति करते हैं। मुकुल वासनिक कांग्रेस महासचिव होने के साथ सोनिया गांधी के विश्वस्त हैं। रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव होने के साथ ही राहुल गांधी व संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के विश्वास पात्र हैं। प्रमोद तिवारी उत्तर प्रदेश में पार्टी के बड़े ब्राह्मण चेहरे हैं। वह प्रियंका गांधी के निकटतम लोगों में हैं। तीनों की जीत में गहलोत का बड़ा रोल है। ऐसे में कांग्रेस की राजनीति में यह तीनों ही नेता जरूरत पड़ने पर गहलोत के पैरोकार के रूप में काम करेंगे। इसका राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री को लाभ मिलेगा। ऐसे में उन्हें अगले दो साल तक शासन करने में किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब गहलोत बागी नेता सचिन पायलट को भी किनारे कर देंगे। राजस्थान से कांग्रेस के छह राज्यसभा सदस्य हैं। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और केसी वेणुगोपाल भी शामिल हैं। केसी वेणुगोपाल के समर्थन से ही गहलोत ने सचिन पायलट की बगावत को फेल किया था। कुछ दिनों पूर्व गहलोत ने राज्यसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल फेरबदल के संकेत दिए थे। अब लगता है कि इस बार के फेरबदल में वह अपने कट्टर विरोधी सचिन पायलट गुट के मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखा कर अपने समर्थक कुछ और विधायकों को मंत्री बना सकते हैं। क्योंकि अशोक गहलोत का जादू कांग्रेस आलाकमान के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस जीत के बाद मुख्यमंत्री गहलोत का मनोबल काफी बढ़ा है। नतीजे आते ही उन्होंने घोषणा कर दी कि 2023 के विधानसभा चुनाव में वो भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर चुनाव लड़ेगें।

# मुख्यमंत्री गहलोत को दिल्ली महिला आयोग ने दी अपने मंत्री के बेटे को गिरफ्तार करवाने की सलाह



**जयपुर, (हि.स.)।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राजस्थान की कांग्रेसनीत अशोक गहलोत सरकार को अपने मंत्री के बेटे को गिरफ्तार करवाने की सलाह दी है। मालीवाल ने ट्वीट कर जलदाय मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी पर रेप का आरोप लगाने वाली युवती पर दिल्ली में हमले की कोशिश की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी करने की बात कही है। मालीवाल ने रविवार को अपने ट्वीट में लिखा कि जिस लड़की ने राजस्थान के मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी पर रेप का आरोप लगाया, उसके चेहरे पर आज दिल्ली में दो अज्ञात लोगों ने कुछ पदार्थ फेंका। अशोक गहलोत, अपने मंत्री के बेटे को बचाने की जगह गिरफ़्तार करें। मैं दिल्ली पुलिस को नोटिस इशू कर रही हूं, इस अटैक पर एफआईआर के लिए। मालीवाल के ट्वीट के साथ ही इस मामले में सियासत तेज हो गई है। गौरतलब है कि मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती पर शनिवार रात हमला किया गया। युवती का आरोप है कि ऑटो सवार युवकों ने उस पर केमिकल फेंका और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। डीसीपी ईशा पांडेय का कहना है कि प्राथमिक जांच में स्याही फेंकने की बात सामने आई है। घटना के समय युवती के साथ उसकी मां भी थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में युवती ने पुलिस को बताया कि वह पैदल शाहीन बाग इलाके से जा रही थी। रास्ते में ऑटो सवार युवकों ने उस पर कोई केमिकल फेंका और फरार हो गए। उसने तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना को लेकर शाहीन बाग पुलिस आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार रोहित जोशी के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली उसकी महिला मित्र ने सदर बाजार थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत में युवती ने बताया था कि रोहित बीते कई महीनों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। वह उसका अश्लील वीडियो तैयार कर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देता है। इस धमकी से डराकर वह जयपुर, उत्तराखंड और दिल्ली में उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि बीते मार्च महीने में उसके साथ सदर बाजार स्थित एक होटल में रोहित जोशी ने दुष्कर्म किया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में पहले जीरो एफआईआर दर्ज कर इस मामले को जयपुर भेज दिया था, लेकिन बाद में इसे रेगुलर एफआईआर में तब्दील कर दिया गया। इस मामले में आरोपित बनाया गया रोहित जोशी राजस्थान के मंत्री महेश जोशी का बेटा है। रोहित ने इस मामले में अपने अधिवक्ता के माधयम से अग्रिम जमानत याचिका तीस हजारी अदालत में दायर की थी। इस मामले में सुनवाई के बाद कुछ शर्तों के साथ अदालत ने उसे जमानत दी थी। जमानत मिलने के बाद शनिवार को उससे पुलिस ने कई घंटे पूछताछ भी की है।।

# सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के साथ अभिभावक करेंगे डीसी दफ्तर पर प्रदर्शन

**किताबें न मिलना, शिक्षकों का न होना व सरकारी स्कूलों में फीस लगाना हैं मुख्य मुद्दे**



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को किताबें न मिलना, शिक्षकों की कमी व सरकारी स्कूलों में फीस लगाने सहित अनेक मुद्दों को लेकर अनेक गांवों के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा 13 जून सोमवार को डीसी दफ्तर की ओर पैदल मार्च निकाला जाएगा। पैदल मार्च निकालते हुए विद्यार्थी, अभिभावकों व अन्य जनसंगठनों के लोग डीसी कार्यालय पर पड़ाव डालेंगे। यह जानकारी रविवार को सरकारी स्कूल प्रबंधक समिति व अभिभावक मंच फतेहाबाद की टीम के द्वारा गांवों में मीटिंग के दौरान दी गई। अभिभावक मंच के सदस्यों ने कहा कि सरकारी स्कूलों में किताबें इस सत्र के 3 महीने के करीब बीत जाने के बाद भी नहीं आई हैं जबकि सरकार व प्रशासन द्वारा झूठा दावा किया जा रहा है कि किताबें बंटनी शुरू हो गई है। मॉडल संस्कृति स्कूल के नाम पर सरकारी स्कूलों में पहली क्लास से ही फीस का प्रावधान कर दिया गया है जोकि शिक्षा के अधिकार की अपराधिक तरीके से उल्लंघना है। प्रदेशभर के सभी स्कूलों में अध्यापकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। बच्चों को 3 साल से वजीफे नहीं मिले हैं। स्कूलों में सफाई कर्मचारी, चौकीदार, माली, क्लर्क आदि के पद खाली हैं। दूरदराज के गांवों व ढाणियों में आने वाले बच्चों के लिए परिवहन की कोई सुविधा नहीं है। आज के समय में सुरक्षा का बड़ा सवाल है। स्कूलों में कमरों, बिजली और पानी की कमी की भारी कमी है। फैमिली आईडी की शर्तें लगाने से हजारों बच्चों के दाखिले नहीं हो पा रहा है। इन सब मुद्दों व समस्याओं को लेकर बीघड़, जांडली, पीली मंदोरी, भिरड़ाना, फुलां, तामसपुरा, भूथन, मानावाली, कुकड़ांवाली समेत अनेक गांवों के बच्चों व अभिभावकों में भारी रोष और चिंता है। इसको लेकर 13 जून सोमवार को सभी अभिभावक अपने बच्चों को लेकर डीसी दफ्तर की तरफ कूच करेंगे और पड़ाव डालेंगे। क्योंकि सरकार और प्रशासन बेफिक्र होकर गहरी नींद में सोया हुआ है। उसको जगाना जरूरी है।

# मस्कट, जय-विजया और हरियाणा के धाकड़ ने मचाई धूम

**खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन से दर्शकों का कर रहे मनोरंजन**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** खेलों के दौरान खिलाड़ियों का मनोबल और उत्साह बनाए रखना तथा दर्शकों का मनोरंजन होना, दोनों ही बहुत जरूरी होता है। इसी कड़ी में पंचकूला में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में मस्कट, जय-विजया और धाकड़ यह काम बखूबी कर रहे हैं। जब भी कोई टीम या खिलाड़ी किसी भी प्रतियोगिता में जीत हासिल करता है तो खिलाड़ियों के साथ जय-विजया और धाकड़ हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर जमकर नाचते हैं और यही नहीं खिलाड़ी खुशी में उन्हें ऊपर उठाकर भी खूब मस्ती करते हैं। इस दौरान मैदान में बैठे दर्शक व खेल प्रेमी भी उत्साहित होकर झूमने लगते हैं। ताऊ देवी लाल स्टेडियम के अंदर आते ही दर्शकों के मन में जय-विजया और धाकड़ के साथ सेल्फी लेनी की इच्छा प्रबल हो जाती है। स्टेडियम में जगह-जगह स्थापित सेल्फी पॉइंट्स पर सेल्फी लेने के साथ-साथ मैचों के दौरान शामिल मस्कट के साथ भी दर्शकों व खेल प्रेमियों में सेल्फी लेने की होड़ लग जाती है। जय-विजया और धाकड़ खुशी से सभी के साथ सेल्फी लेते हैं। खिलाडियों के विजयी होने पर खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की यादों को चिर स्थाई सजोएं रखने के लिए मेडल के साथ-साथ हरियाणा का धाकड़, सूवनियर के रूप में दिया जा रहा है, जिसे लेते ही खिलाड़ी प्रसन्न हो जाते हैं।

# हिसार के मधुर भाटिया का युवा कलाकार छात्रवृत्ति योजना में चयन

**-हिसार का बेटा मधुर भाटिया राष्ट्रीय स्तर पर छाया**
**-मेयर गौतम सरदाना ने किया मधुर को सम्मानित**



**हिसार, (हि.स.)।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली युवा कलाकार छात्रवृत्ति योजना में हिसार के वार्ड नं 15 कृष्णा नगर निवासी मधुर भाटिया का चयन हुआ है। इस चयन के साथ ही मधुर भाटिया ने हिसार एवं हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए यह छात्रवृत्ति विभिन्न विद्याओं के चुनिंदा युवा कलाकारों को ही मिलती है। रंगकर्म एवं थियेटर विद्या में पूरे हरियाणा से सिर्फ मधुर भाटिया का ही चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर कृष्णा नगर फेस-1 पार्क विकास समिति की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में हिसार के मेयर गौतम सरदाना ने मधुर भाटिया को सम्मानित किया। मेयर गौतम सरदाना ने यह भी कहा कि बच्चों को लायक बनाने में माता, पिता और गुरुजनों का योगदान होता है और देशभर में हिसार का नाम रोशन करने पर मधुर भाटिया के गुरु प्रसिद्ध रंगकर्मी मनीष जोशी, पिता वेदप्रकाश भाटिया और माता सुनीता भाटिया बधाई एवं अभिनंदन के पात्र हैं। वार्ड नं 15 पार्षद प्रीतम सैनी ने मधुर भाटिया को शुभकामनाएं देते करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पहले कृष्णा नगर फेस-1 पार्क विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा मेयर गौतम सरदाना एवं पार्षद प्रीतम सैनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समिति प्रधान जनकराज, सुंदर लाल भ्याणा, राममूर्ति सिहाग, शत्रुघ्न सुथार, हवासिंह शर्मा, नफे सिंह कुंडू, प्रताप सिंह जांगड़ा व अनिल तनेजा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अतिसंवेदनशील 18 बूथों का ऑब्जर्वर ने गन्नौर में किया निरीक्षण



**सोनीपत, (हि.स.)।** रविवार को उच्च अधिकारियों ने गन्नौर क्षेत्र के संवेदनशील, अतिसंवेदशील बूथों का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। ऑब्जर्वर श्री निवासन के साथ जिला सोनीपत के आला अधिकारी साथ में रहे। शहर गन्नौर के सरकारी स्कूल, हरियाणा मॉर्डन स्कूल गांधीनगर, शिवालिक स्कूल खेड़ी रोड गांधीनगर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। गन्नौर में संवेदशील बूथों का निरीक्षण के दौरान आईएएस अधिकारी ऑब्जर्वर श्रीनिवासन, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित सिवाच, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, एसडीएम एवं सहायक निवार्चन अधिकारी सुरेंद्र दून, व एचसीएस अंकिता वर्मा, बीडीपीओ सोनीपत मनीष मलिक साथ रहे। सबसे पहले जीटी रोड स्थित सीसीएएस जैन गर्ल्स कॉलेज में बने स्ट्रॉंग रूम गन्नौर में पहुंचे इसके गढी केसरी सरकारी स्कूल में बूथ संख्या 10,11,12,13, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर के बूथ नंबर 14,15,16, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गन्नौर के बूथ नंबर 17,18,19, यहां से पांची रोड गांधी नगर स्थित हरियाणा मार्डन स्कूल में बूथ नंबर 31, 32, 33 और इसके बाद यह जांच दल शिवालिक पब्लिक स्कूल में बूथ नंबर 1,2, 34, 35 में पहुंचा निरीक्षण किया। इसके संबंधित अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।

# कड़ी मेहनत के बल पर खेलो इंडिया में जीता गोल्ड : रिद्धि

**सरकार की नीतियों और पिता के सहयोग से मिली कामयाबी**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा की खिलाड़ी तीरंदाज रिद्धि शीर्ष पर रहने की आदी है और अपने खेल में गहन प्रेक्टिस करने की वजह से ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक पर कब्जा करने में कामयाब रही। अपने पिता मनोज कुमार के निर्धारित लक्ष्यों के साथ अपनी खेल कला का अभ्यास करने वाली रिद्धि ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में लड़कियों की तीरंदाजी प्रतियोगिता की रिकर्व बो कैटेगरी में एक और जीत हासिल कर शीर्ष पर जगह बनाई है। रिद्धि ने आज जीते गोल्ड को अपने पिता को समर्पित करते हुए कहा कि मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देती हूं। उन्होंने बताया कि जब वह तीरंदाजी से जुड़ी तो उसके पिता खेल को घर ले आए, घर की छत पर ही सुविधाएं स्थापित की और उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं के अनुसार धनुष और तीर लाकर दिए। रिद्धि ने कहा कि उनके पिता मनोज को तीरंदाजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी लेकिन वे इसमें रुचि रखते थे। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से रिद्धि को तैयार करने के लिए लंबी और कड़ी मेहनत की क्योंकि करनाल में और उसके आसपास कोई कोच नहीं था। रिद्धि ने 2018 में खेलो इंडिया में पदार्पण किया लेकिन सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रही। 2019 में हुए खेलो इंडिया में कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में अमनप्रीत कौर से हार गईं। परंतु 2020 में उन्होंने कांस्य जीता। इस बार विश्व नंबर 47 रिद्धि ने स्वर्ण जीता, जिससे हरियाणा की मेडल तालिका की स्थिति में इजाफा हुआ क्योंकि मेजबान टीम मेडल तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान बनाने के लिए बेताब थी। रिद्धि का कहना है कि वर्तमान हरियाणा सरकार की खेल नीति काफी अच्छी है और उस खेल नीति की वजह से उनके खेल में भी लगातार निखार आया है और यही कारण है कि वे खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक जीत पाई हैं।

# कुलदीप बिश्नोई ने मोदी-मनोहर की नीतियों पर विश्वास जता दिया कार्तिकेय को वोट: ओमप्रकाश धनखड़

**हिसार, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा है कि कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों पर विश्वास जताते हुए अपनी अंतर आत्मा से हमारे गठबंधन के उम्मीदवार कार्तिक शर्मा को वोट देकर अच्छा कार्य किया हैं। इसके लिए हम कुलदीप बिश्नोई का पार्टी की और से धन्यवाद करते हैं और यदि वे भाजपा में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ हांसी के हुड्डा सेक्टर 6 में वार्ड 16 की भाजपा पार्षद पद की उम्मीदवार रेखा गोयल के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा नगर निकाय चुनाव में चेयरमैन उम्मीदवार मीनू सेठी के समर्थन में वोटों की अपील भी की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हांसी ही नहीं बल्कि सभी नगर परिषद व नगरपालिकाओं में कमल का फूल खिलने जा रहा हैं। हांसी शहर की जनता को एक साफ छवि का स्वच्छ उम्मीदवार मिला है, इसलिए जनता उनको भारी वोटों से विजयी बनाएं ताकि इसकी गूंज दिल्ली तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में हार के डर से कांग्रेस ने सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसमर्थन से साबित हो गया हैं कि अबकी बार मीनू सेठी को नगर परिषद चेयमरैन की कुर्सी पर बैठने से कोई नहीं रोक सकता। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने भी मीनू सेठी के समर्थन में जगह-जगह पर नुक्कड़ सभाएं करके वोटों की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हांसी की जनता विकास व सरकार की जनहितैषी नीतियों के नाम पर मीनू सेठी को वोट देगी। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि मीनू सेठी का परिवार एक समाजसेवी परिवार हैं जो हर समय जरूरतमंद लोगों के बीच में रहता है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए शहर में अपनी सरकार होना जरूरी है, इसलिए मीनू सेठी को भारी मतों से विजयी बनाएं। इस मौके पर मीनू सेठी, रेखा गोयल, प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, अशोक कनौजिया, प्रेम वर्मा, प्रवीण बंसल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जजपा नेता कर्णसिंह, राजपाल यादव, अनाज मंडी प्रधान रवि गोयल, पूर्व प्रधान वेदप्रकाश, बजरंग बंसल व सभी वार्डों के पार्टी प्रत्याशियों सहित व अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद बृजेन्द्र ने तलवंडी राणा में किया सड़क मार्ग का उद्घाटन

**हिसार, (हि.स.)।** हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह ने निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा में गांव के मुख्य मार्ग शहीद भगत सिंह मार्ग का उद्घाटन किया। इसकी अनुमानित कीमत लगभग करीब 25 लाख है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश कोहली एडवोकेट व सरपंच प्रेम कुमारी ने की। मौके पर डीडीपीओ बलजीत सिंह मौजूद रहे। उद्घाटन के उपरांत सांसद बृजेन्द्र सिंह ने पंचायत भवन में पहुंच कर ग्रामवासियों को संबोधित किया। ग्रामीणों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश कोहली ने सांसद के समक्ष मांगपत्र भी रखा जिसमें गांव में पीएचसी, नया ग्राम सचिवालय, पुस्तकालय व जिम बनवाने की मांग रखी जिन्हें सांसद ने जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। ओपी कोहली व ग्रामवासियों ने सांसद बृजेंद्र सिंह के समक्ष तलवंडी राणा से बीड़ बबरान-जुगलान बाई पास पर जो हाइवे है उस पर सर्विस रोड बनाने की मांग भी रखी। सर्विस रोड नहीं होने से ग्रामीणों को काफी दूरी तय करके हाइवे पर आना पड़ता है। यदि हाईवे को सर्विस रोड से जोड़ दिया जाए तो अनेक गांवों को फायदा होगा जिससे उन्हें लंबी दूरी तय करके घूमकर नहीं जाना पड़ेगा। सांसद ने आश्वासन दिया कि ग्रामवासियों ने जो मांग रखी हैं वे जायज हैं, जिन पर गौर करके जल्दी ही सभी कार्य पूरे करवाए जाएंगे। इस मौके पर उनके साथ सुंदर सिंह पीए, राधेश्याम नंबरदार, महेन्द्र कोहली, सुरेंद्र कोहली, रामदास सेन, जापान पंच, महावीर जांगड़ा, सुभाष मणकश, डॉक्टर महासिंह कोहली, पंडित हजारी सहित गांव तलवंडी राणा के अनेक गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।



# समय पर सही कर अदा करना देशभक्ति के समान : प्रताप सिंह

**-आयकर विभाग ने किया कई कार्यक्रमों का आयोजन**




**हिसार, (हि.स.)।** प्रधान आयकर आयुक्त प्रताप सिंह ने आयकर दाताओं से सही समय पर सही कर अदा करने का आह्वान करते हुए कहा है कि सही कर अदा करना देशभक्ति के समान है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था को सुदृढ करने में आयकर विभाग का विशेष योगदान है। प्रधान आयकर आयुक्त प्रताप सिंह रविवार को आयकर विभाग हिसार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे आईकॉनिक सप्ताह समारोह के तहत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर करदाता समय पर व सही कर देना सुनिश्चित करके देश के विकास में अपनी भागीदारी करें। अपर आयकर आयुक्त सियाराम कौशिक ने करदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि करदाताओं से प्राप्त राजस्व देश के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। आयकर अधिकारी संजय सिंह ने रिटर्न फाइलिंग के दौरान आयकर अधिनियम के तहत स्वीकार्य डिड्क्शन के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थित सदस्यों के कर प्रशासन सम्बंधी प्रश्नों के उत्तर दिये।

इस अवसर पर विभाग के अपर आयकर आयुक्त सियाराम कौशिक एवं विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, स्कूल प्रिंसीपल शालिनी मेहरोत्रा, सीए अजय गोयल, प्रशासक निखिल रूद्रा, वित्त प्रबंधक अंजलि वशिष्ठ सहित अन्य कर्मचारीगण एवं विद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी सुरेश नांगरू, एचएयू के रजिस्ट्रार डॉ. सुरेंद्र महता के अलावा आयकर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं एचएयू के डीडीओ भी शामिल रहे।


# इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारण्टी योजना से निखरेगा तालाबों का स्वरूप: शिक्षा मंत्री कल्ला



**बीकानेर, (हि.स.)।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शहरी क्षेत्र के लिए लाभदायक साबित होगी। इसके माध्यम से शहर के ऐतिहासिक तालाबों का स्वरूप भी निखारा जाएगा। डॉ. कल्ला रविवार हर्षोलाब तालाब में जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान अभियान में भागीदारी निभा रहे थे। श्रमदान अभियान में संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन, कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल, नगर निगम आयुक्त गोपालराम बिड़दा के नेतृत्व में नगर निगम के कर्मचारी-संसाधनों सहित मौजूद रहे तथा क्षेत्र की सघन सफाई की। श्रमदान में एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। डॉ. कल्ला ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने शहर में अनेक तालाब और कुएं बनवाए। एक दौर में यह जलापूर्ति के प्रमुख साधन हुआ करते थे। नियमित देखभाल के अभाव में यह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इनकी पुरानी आभा वापस लौटे, इसके मद्देनजर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत इनका जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। उन्होंने नगर निगम को इसके लिए निर्देशित किया तथा तालाब की केचमेंट एरिया को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने श्रमदान भी किया। उन्होंने हर्षोलाब मंदिर परिसर में स्थित इंदिरा रसोई में कम संख्या में लाभार्थी आने के कारण, इसे अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने रविवार को आमजन से मुलाकात की एवं उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान परशुराम सेवा समिति द्वारा संसोलाब तालाब के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने की मांग की। समिति अध्यक्ष नवरतन व्यास ने बताया कि वर्तमान में संसोलाब तालाब जीर्ण-शीर्ण हालात में है तथा इसका जीर्णोद्धार करवाते हुए इसके मूल स्वरूप को लौटाने के साथ इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री से विधायक निधि से 25 लाख रुपये स्वीकृत करने की मांग की। इस दौरान सचिव किशन लाल ओझा मौजूद रहे।



DELHI CRIME 13 june 2022:Layout 1 6/12/2022 6:12 AM Page 4



# फुटबाल खिलाड़ी रोनाल्डो के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप खारिज



**लॉस वेगास, (हि.स.)।** पुर्तगाल के फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप को अमेरिका के न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। अमेरिकी मॉडल कैथरीन मेयोर्गा ने आरोप लगाया था कि रोनाल्डो ने 2009 में लास वेगास के एक नाइट क्लब में उसके साथ दुष्कर्म किया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर अमेरिका में लंबे समय से दुष्कर्म का केस चला। सिविल जज ने शुक्रवार को 42 पन्नों का फैसला सुनाया। फैसले में रोनाल्डो को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। फैसले में न्यायाधीश ने मेयोर्गा के वकीलों पर उचित मुकदमेबाजी की प्रक्रिया के दुरुपयोग और खुलेआम छल का आरोप लगाया है। रोनाल्डो ने 2018 में जर्मनी की पत्रिका डेर स्पिगल में इस महिला की पहचान उजागर करने के बाद सफाई दी थी। रोनाल्डो ने ट्वीट कर कहा था- मेरे ऊपर जो आरोप लगे हैं, उन्हें मैं सिरे से खारिज करता हूं। दुष्कर्म एक घिनौना अपराध है जो मेरी सभी मान्याताओं के खिलाफ है। मैं अपना नाम इस सब से बाहर चाहता हूं। मैं मीडिया को उन बातों का जवाब नहीं देना चाहता जो कुछ लोगों द्वारा मेरा नाम का दुरुपयोग कर अपने प्रचार प्रसार के लिए फैलाई जा रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कैथरीन ने दावा किया था कि रोनाल्डो ने लास वेगास के एक नाइट क्लब में 2009 में उसके साथ तब दुष्कर्म किया जब वह इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर युनाइटेड से स्पेनिश क्लब रियल मेड्रिड में आए थे।

# अमेरिका में बंदूकों के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग




**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के लोगों ने सड़कों पर उतरकर बंदूकों के खिलाफ आवाज बुलंद की है। निर्दोष लोगों और बच्चों पर गोलीबारी की घटनाओं से आजिज हजारों लोगों ने शनिवार को राजधानी वाशिंगटन समेत देश के तमाम शहरों में जुलूस निकालकर सरकारी बंदूक नीति का विरोध किया। उन्होंने कानून में ऐसे बदलाव की मांग की जिससे हथियारों के दुरुपयोग और हिंसा पर रोक लग सके। इन लोगों में मई में टेक्सास के स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर खासा गुस्सा और दुख दिखा। इस घटना में ज्यादातर बच्चे मारे गए थे। मार्च फॉर अवर लाइव्स के तत्वावधान में निकाले गए इस जुलूस का आयोजन बंदूक से बचाव करने की मांग वाले समूह ने किया। इस समूह में 2018 में फ्लोरिडा के पार्कलैंड के हाईस्कूल में हुई गोलीबारी की घटना के पीड़ित हैं। इस समूह ने अमेरिका में शनिवार को 450 शहरों और कस्बों में जुलूस निकालकर बंदूक नीति में बदलाव की मांग की। समूह अपने उद्देश्य में काफी हद तक सफल भी रहा। वाशिंगटन में हल्की बारिश के बावजूद लोग नेशनल माल के नजदीक एकत्र हुए और वाशिंगटन स्मारक तक गए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने टेक्सास और अन्य घटनाओं का उल्लेख करके संसद से असाल्ट वेपन के खरीदार की पृष्ठभूमि की जानकारी करने और सतर्कता वाले अन्य कदम उठाने वाले बदलावों का अनुरोध किया है। बाइडन ने शनिवार को निकाले गए जुलूस का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि नौजवानों ने सड़क पर निकलकर संसद को देश के बहुसंख्य लोगों का संदेश दिया है। वह उनके संदेश का समर्थन करते हैं।

# चीन में रेस्टोरेंट में दो महिलाओं पर हमला, नौ गिरफ्तार



**बीजिंग, (हि.स.)।** चीन के तांगशान शहर के एक रेस्टोरेंट में दो महिलाओं पर हमले के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद चीन में लैंगिक हिंसा का मुद्दा फिर चर्चा के केंद्र में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रेस्टोरेंट में एक व्यक्ति ने एक लड़की के पीछे अपना हाथ रखा और लड़की ने तुरंत उसे दूर धकेल दिया। इसके बाद दोनों के बीच बहस और हाथापाई हुई। इस दौरान एक और महिला पर हमला किया गया। वीडियो के वायरल होते ही यह चीन के माइक्रोब्लॉगिंग साइट वीबो पर सबसे अधिक चर्चित विषयों की सूची में शीर्ष छठे पायदान पर आ पहुंचा। हमले का शिकार हुईं दोनों महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया। हमले में दो और लोगों को गंभीर चोट आई है। उत्तरी हेबेई प्रांत के तांगशान में पुलिस ने कहा है कि इस हिंसक हमले के संबंध में नौ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## यूक्रेन की एयर स्ट्राइक में पुतिन की प्राइवेट आर्मी तबाह, लुहांस्क में मारे गए वैगनर ग्रुप के सैकड़ों लड़ाके!

**- क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही हैदाई ने टेलीग्राम सोशल मीडिया अकाउंट पर हमले का वीडियो भी पोस्ट किया**

**कीव (ईएमएस)।** यूक्रेन ने रूस के भाड़े के सैनिकों के खिलाफ जोरदार एयर स्ट्राइक करते हुए सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। लुहांस्क के गवर्नर ने बताया कि है यूक्रेनी सेना ने 2014 से रूस के कब्जे वाले शहर में मौजूद कुख्यात वैगनर ग्रुप के एक अड्डे को नष्ट कर दिया है। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही हैदाई ने कहा कि यह हमला लुहांस्क के कादिवका में एक स्टेडियम को बेस बनाकर रह रहे वैगनर ग्रुप के अड्डे पर किया गया था। इस हमले की चपेट में आने से सैकड़ों लड़ाके मारे गए हैं, जबकि बड़ी संख्या में घायल बताए जा रहे हैं। वैगनर ग्रुप को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्राइवेट आर्मी के तौर पर भी जाना जाता है। सेरही हैदाई ने टेलीग्राम सोशल मीडिया अकाउंट पर इस हमले का वीडियो भी पोस्ट किया है। इसमें यूक्रेनी हवाई हमले के कारण स्टेडियम में वैगनर ग्रुप के अड्डे को जलते हुए देखा जा सकता है। सेरही ने बताया कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने इस बेस पर अच्छी तरह से हमला किया। हमला इतना भीषण था कि इससे पूरा बेस आग की लपटों में घिर गया और इससे उठते काले धुएं आसमान पर छा गए। हालांकि, रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की पुष्टि नहीं की है। इस हमले के बाद नारंगी हेलमेट में बचावकर्मियों को मलबे में लोगों को खोजने के लिए तैनात किया गया।यूक्रेन के एक समाचार ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि इस हमले में 22 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हैं। वहीं यूक्रेनी सरकार के सूत्रों का दावा है कि मरने वालों की तादाद 300 के पार है। ट्विटर पर शेयर की जा रही तस्वीरों में हमले का शिकार हुआ स्टेडियम खंडहर की तरह दिखाई दे रहा है। 28 मार्च को ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वैगनर समूह यूक्रेन में रूस की मदद करने में शामिल था। यूक्रेन का दावा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन की प्राइवेट मिलिशिया कुख्यात वैगनर ग्रुप उनके देश में 2014 से ही मौजूद है। इस मिलिशिया के लड़ाके क्रीमिया और लुहांस्क क्षेत्र में सैन्य अड्डा बनाकर यूक्रेन की सेना पर हमला कर रहे हैं। वैगनर ग्रुप को पीएमसी वैगनर, सीएचवीके वैगनर-ए या सीएचवीके वैगनर-बी के नाम से भी जाना जाता है। यह रूस का अर्धसैनिक संगठन है, जो प्राइवेट है। इसमें भाड़े के सैनिक शामिल होते हैं, दो सीधे क्रेमलिन के इशारे पर अपने मिशन को अंजाम देते हैं। आधिकारिक तौर पर वैगनर समूह मौजूद नहीं है। यह समूह यूक्रेन में डोनबास में युद्ध के दौरान पहली बार दुनिया के सामने आया। इसी समूह ने 2014 से 2015 तक स्व-घोषित डोनेट्स्क और लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक की अलगाववादी ताकतों की सहायता की। इस समूह में शामिल लड़ाको ने कथित तौर पर दुनिया भर में विभिन्न संघर्षों में भाग लिया है। सीरिया, लीबिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर), और माली में युद्ध में वैगनर समूह की मौजूदगी का दावा किया गया।

# अफगानिस्तान में मानवाधिकारों के हनन पर यूरोपीय संघ चिंतित



**काबुल, (हि.स.)।** अफगानिस्तान में तालिबान शासन के कारण बिगड़ती मानवाधिकार स्थिति के बीच यूरोपीय संघ के विशेष दूत टॉमस निकलसन ने शनिवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के विशेष प्रतिनिधियों और दूतों की बैठक की। इस बैठक में अफगानिस्तान में तालिबान शासन को लेकर चर्चा की गई। यह जानकारी यूरोपीय संघ के विशेष दूत ने ट्वीट कर दी। उन्होंने कहा यूरोपीय संघ अफगानिस्तान में मानव अधिकारों की बिगड़ती स्थिति, विशेष रूप से महिलाओं, लड़कियों और जातीय समूहों के लिए, राजनीतिक समावेश की कमी और तालिबान की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप सुसंगत नीतियों को अपनाने और लागू करने में असमर्थता के बारे में चिंतित है। इस बैठक में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के अलावा, मानवाधिकार और अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में महिलाओं पर तालिबान की कठोर नीतियों की निंदा की है। कहा गया कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों, मानवाधिकारों की बिगड़ती स्थिति, नीति और सार्वजनिक जुड़ाव की अनुपस्थिति और अंतरराष्ट्रीय सार्वभौमिक सिद्धांतों के अनुरूप सुसंगत नीतियों को लागू करने में कठिनाई देखने को मिली है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब ह्यूमन राइट्स ने तालिबान पर पंजशीर में युद्ध अपराधों का आरोप लगाया है और एक अलग रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वरिष्ठ तालिबान अधिकारियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

# चीन ने अमेरिका को चेताया, हमारे सशस्त्र बलों की क्षमता को कम न आंका जाए



**सिंगापुर, (हि.स)।** अमेरिका के रक्षा सचिव लायड आस्टिन के बयान पर चीन के विदेश मंत्री वेई फेंघे ने पलटवार किया है। चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंघे ने क्षेत्रीय व्यवस्था के लिए चीन के दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए कहा कि बीजिंग अंत तक लड़ेगा। किसी को भी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए चीन के सशस्त्र बलों के संकल्प और क्षमता को कम करके नहीं आंकना चाहिए। चीन के नेता की यह टिप्पणी अमेरिकी रक्षा सचिव लायड आस्टिन के एक दिन पहले दिए भाषण के जवाब में आई है। उन्होंने कहा था कि बीजिंग की आक्रामक और खतरनाक कार्रवाई एशिया में स्थिरता के लिए खतरा हैं। चीन के मंत्री ने कहा कि जो लोग चीन को विभाजित करने के प्रयास में ताइवान की स्वतंत्रता का हवाला दे रहे हैं, उनका निश्चित रूप से कोई अच्छा अंत नहीं होगा। फेंघे ने कहा हम हर कीमत पर अंत तक लड़ेंगे। सिंगापुर में प्रीमियर डिफेंस फोरम में शनिवार को आस्टिन ने कहा था कि इंडो-पैसिफिक देशों को समुद्री मिलिशिया द्वारा राजनीतिक धमकी, आर्थिक जबरदस्ती या उत्पीड़न का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा हम ताइवान संबंध अधिनियम, तीन संयुक्त विज्ञप्तियों और छह आश्वासनों द्वारा निर्देशित हमारी एक-चीन नीति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। हम किसी भी एकतरफा का स्पष्ट रूप से विरोध करते हैं। आस्टिन ने कहा पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना) इंडो-पैसिफिक में सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि को कमजोर करने की धमकी देता है।

# अमेरिका के दुश्मन देश ईरान और वेनेजुएला ने की ऐतिहासिक डील



**तेहरान (ईएमएस)।** दुनिया के ज्यादातर देश सुपर पावर अमेरिका से अच्छे रिश्ते चाहते है। लेकिन रूस और चीन सहित कई देश हैं, जिन्हें यूएस फूटी आंख नहीं सुहाता है। अब इसतरह के ही 2 अमेरिका विरोधी देशों ने एक मंच पर आकर एक बड़ी डील साइन की है। ईरान और वेनेजुएला ने 11 जून को तेहरान में 20 साल की सहयोग डील पर हस्ताक्षर किए हैं। बात दें कि तेल का उत्पादन करने वाले ये दोनों देश अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। कार्यक्रम में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो शामिल हुए। आयोजन ईरान की राजधानी तेहरान के सादाबाद पैलेस में हुआ। इस डील में तेल, पेट्रोकेमिकल के अलावा रक्षा, कृषि, पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र को भी शामिल किया गया। कई समझौतों पर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अबदुल्लाह और वेनेजुएला के विदेश मंत्री कार्लोस फारिया ने भी हस्ताक्षर किए। नई डील में वेनेजुएला की रिफाइनरियों की मरम्मत के साथ-साथ तकनीकी और इंजीनियरिंग सेवाओं के निर्यात को भी शामिल किया गया है। समझौतों के दौरान ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा कि वेनेजुएला ने प्रतिबंधों और साम्राज्यवादी दुश्मनों की धमकियों के खिलाफ शानदार प्रतिरोध दिखाया है। 20 साल के सहयोगी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर बताता है, कि दोनों ही देशों में एक-दूसरे के साथ संबंध विकसित करने की इच्छा कितनी अधिक है। रईसी ने कहा कि पिछले 40 सालों में ईरान के खिलाफ प्रतिबंध के कई खतरे सामने आए हैं, लेकिन ईरान ने इन प्रतिबंधों को देश की प्रगति के लिए मिले अवसर में बदलने का काम किया है। बता दें कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो 10 जून को 2 दिवसीय यात्रा पर तेहरान पहुंचे थे। उनकी यात्रा में एक राजनीतिक और आर्थिक प्रतिनिधिमंडल भी साथ था। इससे पहले उन्होंने तुर्की और अल्जीरिया का दौरा किया था। बता दें कि अमेरिकी प्रतिबंध को किनारे करते हुए ईरान ने वेनेजुएला को तेल (ईंधन) के कई कार्गो भेजे हैं। ईरान, वेनेजुएला की रिफाइनरी की मरम्मत करने में भी मदद कर रहा है। पिछले महीने से वेनेजुएला ने ईरान के कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात करना शुरू किया है।

## आज का इतिहास 13 जून

1731 स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन हुआ.
1757 राबर्ट क्वाइव ने सिराजुद्दौला को सबक सिखाने के लिए अपना मुर्शिदाबाद अभियान शुरु किया.
1893 महिलाओं का पहला गोल्फ टूर्नामेंट रायल लीथम, इंग्लैंड में हुआ था.
1917 जर्मनी के चौदह विमानों ने लंदन पर बमबारी की जिसमें 162 व्यक्ति मारे गए.
1940 उधम सिंह को फांसी दी गयी.
1951 आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री जोसेफ बेनेडिकर चिफ्ले का निधन.
1956 ब्रिटेन की आखिरी सैन्य टुकड़ी स्वेज नहर क्षेत्र में वापस गयी.
1967 अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में पहले अश्वेत न्यायाधीश के. रूप थुर्गड मार्शल की नियुक्ति हुई थी.
1982 फ्रैंक के अवमूल्यन के बाद फ्रांस सरकार मूल्यों और लोगों की आय वृद्धि पर रोक लगाने की घोषणा.
1990 पूर्व जर्मनी ने बर्लिन की दीवार पूरी तरह से गिराने का काम शुरु किया.
1997 नई दिल्ली के उपहार सिनेमागृह में भीषण आग से 60 मरे व अनेक घायल.
1998 बिहार के पूर्व मंत्री ब्रजबिहारी प्रसाद की पटना में हत्या कर दी गई.
1999 प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की कारगिल यात्रा के दौरान पाकिस्तानियों द्वारा भारी गोलाबारी.
2002 अफगानिस्तान में हामिद करजाई राज्याध्यक्ष पद के लिये नामांकित.
2005 कश्मीर में एक स्कूल के बाहर कार बम विस्फोट में 20 मरे.

# जल्दी ही हर एक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य कर देगा कनाडा



**टोरंटो (ईएमएस)।** कनाडा जल्दी ही दुनिया का पहला ऐसा देश बनने वाला है, जहां प्रत्येक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य होगा। इससे पहले, देश में तंबाकू उत्पादों की पैकिंग पर चेतावनी के रूप में एक ग्राफिक चित्र लगाने की नीति लागू की गई थी। दो दशक पहले शुरू की गई इस नीति को बाद में दुनियाभर में अपनाया गया। मानसिक स्वास्थ्य मंत्री कैरोलिन बेनेट ने कहा हमें उन चिंताओं को दूर करना है कि इन संदेशों का प्रभाव कम हो गया है। हर तंबाकू उत्पाद पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखने से सुनिश्चित किया जा सकेगा कि यह जरूरी संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, जिसमें वे युवा भी शामिल हैं, जो एक बार में एक सिगरेट लेते हैं और पैकेट पर लिखी चेतावनी नहीं देख पाते। इस प्रस्ताव पर शनिवार से चर्चा होगी और सरकार को लगता है कि 2023 के अंत तक यह नियम लागू किया जा सकेगा।

बेनेट ने बताया कि प्रत्येक सिगरेट पर हर कश में जहर है संदेश लिखने का प्रस्ताव है। हालांकि, इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह नई पैकेजिंग यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि स्वास्थ्य संबंधी संदेश उन लोगों तक खासतौर पर युवा और व्यस्कों तक पहुंचे जो अक्सर सामाजिक परिस्थितियों में एक बार में सिगरेट का उपयोग करते हैं। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के टिपिंग पेपर पर लेबल लगाने से स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों से पूरी तरह बचना असंभव हो जाएगा।

## बीजिंग में फिर से बढ़ सकते हैं कोरोना संक्रमण के केस, शंघाई में घर-घर शुरू की गई टेस्टिंग

**बीजिंग (ईएमएस)।** चीन में एक बार फिर से कोरोना की वजह से संकट पैदा हो गया है। राजधानी बीजिंग और शंघाई शहरों में कोरोना का संक्रमण बहुत फैल गया है। बीजिंग में कोरोना के ज्यादातर नए केस को एक ह्यबारह्ल से जोड़ कर देखा जा रहा है। संक्रमण के 61 नए मामले ऐसे हैं, जो इस बार के अंदर गए या फिर वहां जाने वाले लोगों के संपर्क में आए। उधर शंघाई में भी नए केस आने के बाद बड़े पैमाने पर कोरोना के टेस्ट किए जा रहे हैं। बीजिंग में कम से कम दो जिलों में कड़े प्रतिबंधों का ऐलान किया गया है। इसमें सबसे अधिक आबादी वाला चाओयांग शामिल है। ये शहर अपनी नाइटलाइफ और शॉपिंग के लिए मशहूर है। कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए कई मॉल्स को बंद करने का आदेश दिया गया है। वैसे अगर चीन के कोरोना केस को दुनिया के बाकी देशों से तुलना की जाए तो ये बेहद कम है। लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कोरोना से पार पाने के लिए जीरो कोविड पॉलिसी को और कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बुजुर्गों और मेडिकल सिस्टम को बचाने की आवश्यकता है। अब तक यहां 1.4 बिलियन के देश में कुल 5,226 मौतें हुई हैं। राजधानी बीजिंग में शनिवार दोपहर 3 बजे तक 46 नए मामले दर्ज किए गए। स्वास्थ्य अधिकारी लियू शियाओफेंग ने बताया कि सभी मामलों को निगरानी में रखा गया है। इसके साथ ही शहर ने नए प्रतिबंधों की घोषणा नहीं की गई है। अब तक बार में जाने वाले 115 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। जबकि 6,158 ऐसे लोग हैं जो बार जाने वालों की संपर्क में आए हैं। उधर शंघाई में भी कोरोना ने एक बार फिर से चिंता बढ़ा दी है। सरकार ने यहां के लगभग 25 मिलियन लोगों के कोविड-19 टेस्ट का एक ऐलान किया है।




तुर्की के एक गैस स्टेशन में कीमतें बढ़ने के बाद बोर्ड पर लिखी हुई नई कीमतें। (फोटो-ईएमएस)

# रूस से और कच्चा तेल खरीदने का विकल्प खुला: प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे



**कोलंबो (ईएमएस)।** श्रीलंका को संभवतः रूस से अधिक कच्चा तेल खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। श्रीलंका के नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने यह बात कही है। असाधारण आर्थिक संकट के बीच यह द्वीपीय देश इस समय गंभीर ईंधन संकट से जूझ रहा है। विक्रमसिंघे ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह पहले अन्य स्रोतों से खरीद की संभावना तलाशेंगे, लेकिन रूस से अधिक कच्चा तेल खरीदने का विकल्प खुला है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद ज्यादातर पश्चिमी देशों से रूसी ऊर्जा का आयात रोक दिया है। विक्रमसिंघे ने साक्षात्कार में कहा कि बढ़ते कर्ज के बोझ के बावजूद वह चीन से और वित्तीय मदद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका की मौजूदा स्थिति उसकी खुद की वजह से है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण हालात और खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में खाद्य संकट 2024 तक बना रह सकता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि रूस ने श्रीलंका को गेहूं देने की भी पेशकश की है। विक्रमसिंघे के पास वित्त मंत्रालय की भी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने यह साक्षात्कार राजधानी कोलंबो में अपने कार्यालय में दिया। उन्होंने छठी बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश के आर्थिक संकट को सुलझाने के लिए विक्रमसिंघे की नियुक्ति की है। आर्थिक संकट की वजह से श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खाली हो गया है। पिछले महीने देश में हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बाद विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री का पद संभाला है। इस समय श्रीलंका पर 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है। इस साल श्रीलंका ने करीब सात अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान नहीं किया है। करीब दो सप्ताह पहले श्रीलंका ने अपनी एकमात्र रिफाइनरी को चालू करने के लिए रूस से 90,000 मीट्रिक टन कच्चा तेल खरीदा था।

## बढ़ती तेल की कीमतों ने बढ़ाया हवाई किराया



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पिछले दिनों में घरेलू हवाई किराया लगभग 20 फीसदी महंगा हो चुका है। अभी माना जा रहा है कि हवाई किराया आने वाले दिनों में हवाई किराए में और बढ़ोतरी होगी।यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि एटीएफ की कीमतें काफी बढ़ चुकी हैं और अब एयरलाइन कंपनियां उससे निजात पाने की कोशिश कर रही हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार एटीएफ की बढ़ती कीमतों के चलते किराया बढ़ाया जा रहा है और 15 जून तक फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। हवाई यात्रा का किराया महंगा होने की वजह से मांग पर भी असर देखने को मिल रहा है। हवाई यात्रियों की संख्या धीरे-धीरे कोरोना काल से पहले के स्तर तक पहुंच रही थी, लेकिन जून में अचानक से इनकी संख्या में गिरावट आनी शुरू हो गई है। कुछ रास्तों पर तो हवाई किराया 40 फीसदी तक महंगा हो गया है। दिलचस्प है कि एटीएफ के दाम रेकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि एयरलाइन के खर्चों में एटीएफ करीब 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं। जून के शुरूआती दिनों में 1.3 फीसदी की कटौती के बाद तेल कंपनियां एक बार फिर से कीमतें बढ़ा सकती हैं। हवाई किरायों में बढ़ोतरी उस वक्त में देखने को मिल रही है, जब मांग और एयरलाइन की क्षमता बढ़ रही है। अप्रैल और मई में दो दिनों में घरेलू ट्रैफिक 4 लाख तक पहुंच गया था, लेकिन मई आखिर में और जून में यह 3.2-3.5 लाख तक रह गई है।

## दिवालिया हो सकती है लिपस्टिक बनाने वाली कंपनी रेवलॉन




**मुंबई (ईएमएस)।** कॉस्मेटिक्स बनाने वाली अमेरिका की मशहूर कंपनी रेवलॉन इंक दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। कंपनी अगले हफ्ते बैंकरप्सी के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनी के शेयरों में पिछले दिनों 53 फीसदी गिरावट आई थी। लिपस्टिक बनाने वाली इस कंपनी ने अपने कारोबार को बचाने के लिए कर्जदारों से बात शुरू की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च के मध्य तक कंपनी पर 3.31 अरब डॉलर का कर्ज था। हाल के महीनों में सौंदर्य प्रसाधनों की मांग में तेजी आई है क्योंकि लॉकडाउन की बंदिशों समाप्त होने के बाद लोग बाहर निकल रहे हैं लेकिन रेवलॉन को दूसरे ब्रैंड्स से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मार्च में कंपनी ने कहा था कि उसे सप्लाई चेन की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण वह मांग पूरा नहीं कर पा रही है। हालांकि पता चला था कि रेवलॉन बैंकरप्सी के लिए आवेदन करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने मुताबिक रेवलॉन बैंकरप्सी आवेदन के लिए बातचीत कर रही है लेकिन अभी यह फाइनल नहीं है और इसमें बदलाव हो सकता है। न्यूयॉर्क की इस कंपनी का मालिकाना हक अरबपति कारोबारी रान पेरेलमेन की कंपनी के पास है।

## यूक्रेन युद्ध की वजह से गुजरात के लाखों हीरा श्रमिकों की नौकरी खतरे में



**अहमदाबाद (ईएमएस)।** रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से गुजरात का हीरा कारोबार काफी प्रभावित हुआ है। युद्ध के कारण इस उद्योग में कार्यरत लाखों श्रमिकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। विशेषरूप से सौराष्ट्र क्षेत्र के ग्रामीण हिस्से में कार्यरत इकाइयां इस घटनाक्रम से सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं। उद्योग के प्रतिनिधियों ने बताया कि ये इकाइयां प्रसंस्करण और पॉलिश करने के लिए रूस से छोटी मात्रा में हीरों का आयात करती हैं। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने कहा कि राज्य के हीरा उद्योग में करीब 15 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। रूस से छोटे आकार के कच्चे हीरों की आपूर्ति में कमी के कारण गुजरात के व्यापारी अफ्रीकी देशों और अन्य जगहों से कच्चा माल खरीदने को मजबूर हैं, जिससे उनका मुनाफा प्रभावित हो रहा है। इसलिए राज्य की हीरा इकाइयों ने अपने श्रमिकों और पॉलिश करने वालों के काम के घंटों में कटौती की है जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। बड़े आकार के हीरों का प्रसंस्करण मुख्य रूप से राज्य के सूरत शहर की इकाइयों में किया जाता है। अमेरिका को भारत से 70 प्रतिशत कटे और पॉलिश हीरों का निर्यात किया जाता है। उसने रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका में कुछ बड़ी कंपनियों ने पहले ही उन्हें ई-मेल भेजकर कहा है कि वे रूसी सामान नहीं खरीदेंगी। इस वजह से विशेषरूप से सौराष्ट्र के भावनगर, राजकोट, अमरेली और जूनागढ़ जिलों के हीरा श्रमिक बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा राज्य के उत्तरी हिस्से के श्रमिकों पर भी इसका असर पड़ा है।

## जल्द ही लोगों को डिजिटल करेंसीज से जुड़े जोखिमों के बारे में पता चल सकेगा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दुनियाभर में हाल के वर्षों में बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसीज की लोकप्रियता बढ़ी है। सूत्रों की मानें तो देश में करोड़ों लोगों ने क्रिप्टोकरेंसीज में निवेश किया है। इसमें युवाओं से लेकर सीनियर सिटीजंस भी शामिल हैं लेकिन क्रिप्टोकरेंसीज पर अब तक देश में कोई कानून नहीं है। इस कारण लोगों में भ्रम की स्थिति है। इसे दूर करने के लिए सरकार जल्दी ही एक दस्तावेज जारी करने जा रही है। इसमें क्रिप्टोकरेंसीज के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवालों का विस्तार से जवाब दिया जाएगा। साथ ही निवेशकों की केस स्टडी के बारे में भी बताया जाएगा ताकि लोगों को डिजिटल करेंसीज से जुड़े जोखिमों के बारे में बताया जा सके। मंत्रालय ने इसके लिए एक पैनल बनाया है। इसमें अधिकारियों, जानकारों, वकीलों, डिजिटल एक्सचेंजेज और एनजीओ के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। सरकार को ऐसे हजारों लोगों की तरफ से ज्ञापन मिला है जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसीज में अपना निवेश गंवाया है। एफओक्यू से उपभोक्ताओं को क्रिप्टोकरेंसीज के बारे में अपनी समझ बढ़ाने का मौका मिलेगा। इससे वे इनमें निवेश करते समय सावधानी बरत सकेंगे।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 21वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल के आगे चल रही है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में रविवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपए और सात रुपए तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड रविवार 122.01 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.86 प्रतिशत गिरकर 120.47 डॉलर प्रति बैरल पर है। देश के चार बड़े महानगरों में रविवार को पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे-दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 111.35 रुपए प्रति लीटर, डीजल 97.28 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपए, प्रति लीटर, डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए प्रति लीटर, डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर।

## इस साल विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से निकाले 1.81 लाख करोड़




**मुंबई (ईएमएस)।** विदेशी संस्थागत निवेशक (एफपीआई) लगातार भारतीय शेयर बाजारों से पैसा निकासी कर रहे हैं। इससे घरेलू शेयर बाजार में गिरावट रुकने का नाम नहीं ले रही है। किसी दिन अगर बाजार में खरीदारी नजर आती भी है तो फिर अगले कई दिन बिकवाली के बाद बाजार पहले से और नीचे चला जाता है। एफपीआई 2022 में अभी तक घरेलू शेयर बाजार से 1.81 लाख करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब एफपीआई की बिकवाली रुकेगी और बाजार संभलेगा. कुछ जानकारों का मानना है कि इसे लेकर कुछ सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। गौरतलब है कि जून में भी एफपीआई की बिकवाली जारी है। एनएसडीएल पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार जून में एफपीआई अभी तक 13,888 करोड़ रुपए भारतीय बाजार से निकाल चुके हैं। इससे पहले दो महीनों अप्रैल और मई में एफपीआई ने बाजार से क्रमशः 39,993 करोड़ और 17,144 करोड़ रुपए निकाले थे। 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था।

इसके बाद मार्च में एफपीआई ने भारतीय बाजार से बड़ी मात्रा में पैसा निकाल लिया था। मार्च में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 41,243 करोड़ रुपए की निकासी की थी। इसके बाद विश्व भर में कई चीजों के दाम बढ़े व सप्लाई चेन में बाधाएं आई और नतीजतन वैश्विक बाजार पूरी तरह से दबाव में दिखने लगे। भारतीय शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा। ऐसा नहीं है कि ये बिकवाली रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद ही आरंभ हुई। दरअसल, जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 33,303 करोड़ रुपए और फरवरी में 35,592 करोड़ रुपए निकासी की थी। इस तरह एफपीआई अब 1,81,043 करोड़ रुपए भारतीय बाजार से निकाल चुके हैं। इस बिकवाली ने बाजार की कमर तोड़ दी है। बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी इस साल 8 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।

## नेक्स्ट जेनरेशन मारुति सुजुकी विटारा ब्रेजा का इंतजार

**- 8 लाख रुपये तक की कीमत में हो सकती है पेश**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में नेक्स्ट जेनरेशन मारुति सुजुकी विटारा ब्रेजा का इंतजार किया जा रहा है। बीते लंबे समय से नई ब्रेजा को लेकर माहौल बन रहा था और अब यह एसयूवी ढेर सारे कॉस्मेटिक और मैकेनिकल बदलावों के साथ आगामी 30 जून को लॉन्च होने वाली है। नई ब्रेजा में बेहतर लुक और ढेरों नए फीचर्स देखने को मिलेंगे, लेकिन आज हम बताएंगे भी कि पुरानी मारुति ब्रेजा के मुकाबले नई ब्रेजा 2022 में क्या कुछ खास और नए फीचर्स देखने को मिलेंगे? 2022 मारुति ब्रेजा की नई खूबियों के बारे में बताएं तो पहले इसके अपडेटेड लुक की बात कर लें। नई ब्रेजा में नई फ्रंट ग्रिल के साथ ही ट्विन पॉड प्रोजेक्टर एलईडी हेडलैंप, ट्विक्ड बंपर, नया फॉगलैंप, नई फॉक्स स्किड प्लेट, बेहतर टेललाइट्स पोजिशनिंग और नई अलॉय व्हील्ज देखने को मिलेंगे। नेक्स्ट जेनरेशन ब्रेजा को ढेर सारे मोनोटोन और ड्यूअल टोन कलर ऑप्शंस में पेश किया जाएगा।


वहीं, इंजन और पावर की बात करें तो इसमें अपडेटेड इंजन देखने को मिलेगा, जो कि 1.5 लीटर 4 सिलिंडर के15सी डुअलजेट पेट्रोल इंजन है और यह 103बीएचपी की पावर और 137एनएम टॉर्क जेनरेट कर सकेगा। नई ब्रेजा को 5 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ही 6 स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ पेश किया जा सकता है। ज्यादातर संभावना है कि नई ब्रेजा को सीएनजी ऑप्शन में भी पेश किया जाए। एसयूवी की संभावित कीमत की बात करें तो अपडेटेड मारुति ब्रेजा को भारत में 8 लाख रुपये तक की शुरूआती कीमत में पेश किया जा सकता है। अपकमिंग मारुति ब्रेजा 2022 के फीचर्स की बात करें तो इसमें वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले सपोर्ट वाला 9 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस फोन चार्जिंग, कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, 360 डिग्री कैमरा, हेडअप डिस्प्ले, नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, नया फ्लैट बॉटम स्टीयरिंग व्हील, इलेक्ट्रिक सनरूफ, इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी कंट्रोल, 6 एयरबैग्स, हिल होल्ड असिस्ट, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम समेत कई खास खूबियां देखने को मिलेंगी।

## महिंद्रा की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी अगले साल लॉन्च

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा ने कंफर्म किया है कि एक्सयूवी300 प्लेटफॉर्म पर आधारित एक नई इलेक्ट्रिक एसयूवी को अगले साल लॉन्च करने की तैयारी है। जनवरी 2023 में ही महिंद्रा कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी को लॉन्च कर सकती है। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि इस नए मॉडल को महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी कहा जाएगा। बता दें कि कुछ स्पाय इमेज से ये भी सामने आया है कि एक्सयूवी 400 ईवी, महिंद्रा की ही ओरिजिनल एक्सयूवी 300 सब-4 मीटर एसयूवी से काफी अलग दिखेगी। माना जा रहा है कि महिंद्रा की नई एक्सयूवी 400 की लंबाई 4।2 मीटर होगी क्योंकि सब्सिडी लाभ के लिए सब-4 मीटर नियम इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू नहीं होता है। इस अपकमिंग एक्सयूवी 400 के डिजाइन की बात करें तो इस गाड़ी का प्रोफाइल एक्सयूवी300 की तरह बॉक्सी या फ्लैट होने के बजाए थोड़ा राउंड होगा। इस एसयूवी का रियर डिजाइन पूरी तरह से रिडिजाइन किया गया है। इसके अलावा इस गाड़ी में एक नया डिजाइन टेल गेट और बंपर डिजाइन भी देखने को मिलेगा। वहीं टेल-लैंप डिजाइन की बात करें तो इसे भी पूरी तरह से संशोधित किया गया है। इस मॉडल की कुछ और इमेज से पता चला है कि रेगुलर इलेक्ट्रिक कारों से अलग इस गाड़ी में चार्जिंग स्लॉट को फ्रंट फेंडर पर रखा जाएगा। महिंद्रा के इस नए मॉडल के ज्यादातर डिजाइन फीचर्स ई-एक्सयूवी300 कॉन्सेप्ट से मिलते-जुलते दिखेंगे। बता दें कि ई-एक्सयूवी300 को साल 2020 के ऑटो एक्सपो में दिखाया गया था। एक्सयूवी 400 में क्लोस्ड फ्रंट ग्रिल, डिफरेंट स्टाइल बंपर, नए हैडलैंप्स और अलॉय व्हील्स भी देखने को मिल जाएंगे। गौरतलब है कि महिंद्रा की ये अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी इस कंपनी का पहला ऐसा प्रोडक्शन मॉडल है जो महिंद्रा के इलेक्ट्रिक स्केलेबल मॉड्यूलर आर्किटेक्चर पर आधारित है।

## दैनिक पंचांग

**13 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.27 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.40 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 09.56 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.08 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 14.19 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.34 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.50 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 20.55 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मीन | 00.14 बजे से |
| | | मेष | 01.45 बजे से |
| | | वृष | 03.25 बजे से |

**सोमवार** 2022 वर्ष का 164 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** ज्येष्ठ
**पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 21.03 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 21.24 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 13.42 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.48 बजे तदनन्तर वणिज 21.03 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871278
**जूलियन दिन** 2459743.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 13

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## टोयोटा अपनी ब्रैंड न्यू मिड साइज एसयूवी को लेकर चर्चा में

**- ग्राहकों को दमदार डिजाइन के साथ मिलेगी बेहतरीन फीचर्स**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी टोयोटा अपनी ब्रैंड न्यू मिड साइज एसयूवी को लेकर चर्चा में है। कंपनी की इस शानदार कएसयूवी से 1 जुलाई को पर्दा उठ जाएगा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, इस नई गाड़ी का नाम टोयोटा हायराइडर होने जा रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई टोयोटा कॉम्पेक्ट एसयूवी में 1,5 लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा इस गाड़ी में माइल्ड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी भी देखने को मिलेगी। माइल्ड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाले वर्जन में मैन्युअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स ऑप्शन मिल जाएंगे लेकिन स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाले वर्जन में ई-सीवीटी यूनिट देखने को मिलेगा। बता दें कि ई-सीवीटी यूनिट हाल ही में होंडा सिटी हाइब्रिड में भी देखने को मिली थी। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि टोयोटा की ये गाड़ी इस सेगमेंट में पहली ऐसी कार होगी जिसमें ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम(एडब्ल्यूडी) ऑफर किया जा रहा है। हालांकि इसे केवल माइल्ड हाइब्रिड पावर ट्रेन के लिए ही रिजर्व किया जाएगा। बता दें कि साल 2014 में रेनॉल्ट डस्टर में ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम लॉन्च किया गया था लेकिन छह सालों बाद इसे हटा लिया गया था।गौरतलब है कि टोयोटा की इस कार में एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सेटअप के साथ सेल्फ चार्जिंग और फ्रंट व्हील ड्राइव सिस्टम भी देखने को मिल सकता है।

ये पूरा सेटअप ईंधन की कार्यक्षमता को बेहतर करने का काम करेगा और इससे कार्बन एमिशन भी कम होगा। टोयोटा हाई राइडर को लेकर कहा जा रहा है कि ये गाड़ी 103 पीएस का पीक पावर डिलीवर करेगी। वही अगर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन की बात की जाए तो ये वर्जन 116 पीएस का पीक पावर डिलीवर करेगी। ये कार 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स या 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ देखने को मिल सकती है। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड में ई-सीवीटी गियरबॉक्स भी ऑफर किया जाएगा। बता दें कि मारुति सुजुकी की अपकमिंग मिड साइज एसयूवी में भी सेम पावरट्रेन फीचर्स देखने को मिल सकते हैं क्योंकि दोनों मॉडल्स का निर्माण एक ही कार मेकर द्वारा किया जा रहा है। हालांकि दोनों गाड़ियों के डिजाइन और स्टायलिंग काफी अलग-अलग हो सकते हैं। इस ब्रैंड न्यू टोयोटा एसयूवी में कई आकर्षक फीचर्स भी देखने को मिलेंगे।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य


**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि चतुर्दशी, सोमवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, सिद्धयोगे, गरकरणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा 8/25 रात्रि तक, मूल प्रारंभ रात्रि 8/35 सर्वार्थ सिद्ध योग, रवियोश्च, औषधि सेवन मुहूर्त, उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, सैनिक, सिपाही होगा।**

**मेष राशि :-** इष्ट-मित्र सुखवर्ध होंगे, प्रयत्नशीलता तथा सफलता से लाभ अवश्य होगा।
**वृष राशि :-** समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, कार्य तत्परता से लाभ अवश्य ही होगा।
**मिथुन राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, व्यापारिक क्षमता में वृद्धि अवश्य ही होगी।
**कर्क राशि :-** परिश्रम से सफलता संभव है, सोच-समझकर कार्य अवश्य निपटा लें।
**सिंह राशि :-** कार्यवृत्ति में सुधार, चिन्तायें कम होंगी तथा सफलता के साधन अवश्य ही बनेंगे।
**कन्या राशि :-** परिश्रम करने पर भी सफलता दिखाई न दे, कार्य स्थगित रखना ठीक होगा।
**तुला राशि :-** कुछ लोगों से मेल-मिलाप संभव, कार्यक्षमता अनुकूल अवश्य ही होगी।
**वृश्चिक राशि :-** स्वास्थ्य नरम, चोटादि का भय होगा, मनोबल उत्साहवर्धक होगा।
**धनु राशि :-** कार्यकुशलता से संतोष, दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार होगा, ध्यान रखें।
**मकर राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, इष्ट-मित्रों से परेशानी, किसी के धोके से बचेंगे।
**कुंभ राशि :-** कार्य-व्यवसाय गति मंद होते हुये भी साधन सम्पन्न बनकर कार्य करेंगे।
**मीन राशि :-** विघटनकारी तत्व परेशान करें, अनाप-शनाप व्यय, कुछ बाधायें बनेंगी।

# फिट रहने पर कई और टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं उमेश




अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने आईपीएल के 15 वें सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था पर इस गेंदबाज का कहना है कि वह कितने साल और खेल सकेंगे। यह कह नहीं सकते। उमेश ने कहा, यह कहना कठिन है कि मैं अगले पांच साल खेलूंगा या नहीं। मैं हर गुजरते साल के साथ अपने छोटे-छोटे लक्ष्यों हो हासिल करने के बारे में सोचता हूं। मैं 33 का हूं और तीन साल के बाद जब 36 साल का हो जाऊंगा, तो बहुत कुछ इस बात पर आधारित रहेगा कि मेरा शरीर कितना साथ देता है। मैं चोट मुक्त रहता हूं और मेरा शरीर ठीक रहता है तो ठीक बात है पर जब आप घायल हो जाते हैं, तो आपको ठीक होने के बारे में सोचना होता है। इसलिए अभी मैं केवल अच्छा क्रिकेट खेलने और देश के लिए कई और टेस्ट मैच खेलने के बारे में सोच रहा हूं। उमेश ने साथ ही कहा, अभी मैं नहीं कह सकता कि 100 टेस्ट खेलूंगा या नहीं, लेकिन मैं जितना हो सके खेलने का प्रयास करूंगा।

टेस्ट खेलने में एक अलग तरह का जुनून होता है। इसा अपना विशेष प्रभाव पड़ता है जब आप कहते हैं, मैंने देश के लिए 70-80 टेस्ट मैच खेले हैं। लोग सोचते हैं कि आपमें कुछ खास है, जिसने आप यहां तक पहुंचे हैं। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने उमेश की प्रशंसा करते हुए कहा, उन्होंने शानदार वापसी की है। कुछ खिलाड़ियों को वास्तव में सही टीम में होने से लाभ होता है और उमेश के साथ ऐसा लगता है कि उन्हें केकेआर के लिए खेलने में आनंद आया। इस टीम ने उन्हें आत्मविश्वास दिया। यह वही उमेश हैं, जिन्हें हम जानते थे।

# महेंद्र सिंह धोनी कारोबार में भी महारथी




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक सफल कारोबारी भी हैं और उन्होंने कई क्षेत्रों निवेश किया है। इसी कारण वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी कमाई के मामले में शीर्ष क्रिकेटरों में शामिल हैं। धोनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान होने के साथ ही कई कंपनियों के ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। धोनी का रांची में माही रेजिडेंसी नाम से एक होटल भी है। उन्होंने हाल ही में ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस में भी हिस्सेदारी खरीदी है। गरुड़ एयरोस्पेस के 26 शहरों में 300 से अधिक ड्रोन है और इसमें 500 पायलट काम कर रहे हैं। कंपनी ने धोनी को ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया है। धोनी ने कहा, मैं गरुड़ एयरोस्पेस का हिस्सा बनकर खुश हूं और उनके द्वारा पेश किए जाने वाले अनोखे ड्रोन समाधानों के साथ उनका विकास देखने के लिए उत्सुक हूं। गरुड़ एयरोस्पेस के अलावा भी धोनी ने कई और कंपनियों में निवेश किया है।

**स्पोर्ट्सफिट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड –** धोनी के पास इस कंपनी का मालिकाना अधिकार है। यह कंपनी इंडिया भर में 200 से अधिक जिम चलती है जिन्हें स्पोर्ट्सफिट वर्ल्ड नाम से चलाया जाता है।

**7 इंकब्रूज –** यह एक फूड एंड बेवरेज कंपनी है। धोनी इस कंपनी के शेयरहोल्डर होने के साथ साथ ही ब्रैंड एंबेसडर भी हैं। इस कंपनी ने पिछले साल कॉप्टर 7 नाम से चॉकलेट और बेवरेज की सीरीज लॉन्च की थी। यह नाम धोनी के हेलीकॉप्टर शॉट और जर्सी नंबर से बनाया गया है.

**कार्स 24 –** धोनी ने इस कंपनी ने साल 2019 में निवेश किया था। यह कंपनी साल 2015 में शुरू हुई थी और पुरानी कारों की खरीद फरोख्त का काम करती है।

**होमलेन –** यह घरों की इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करने वाली कंपनी है। इस कंपनी में धोनी ने साल 2021 में निवेश किया था। यह कंपनी 2014 में शुरू की गई थी।

**खाताबुक –** खाताबुक के लॉन्च होने के कुछ ही समय में इससे 5 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट जुड़े थे। धोनी ने 2020 में अपने एक बयान में कहा था कि खाताबुक जमीनी स्तर पर बदलाव ला सकती है।

# अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नजर नहीं आयेंगी मिताली



महिला क्रिकेट की शीर्ष खिलाड़ियों में से एक भारतीय एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। मिताली ने अपने दो दशक से अधिक लंबे क्रिकेट करियर में कई अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। मिताली ने साल 1999 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था उसके बाद से ही वह लगातार खेलती रही हैं। इस प्रकार उन्होंने 23 साल भारत की ओर से खेला है। यह महिला क्रिकेट में एक रिकार्ड है। संन्यास की घोषणा करते हुए मिताली ने कहा, इतने साल से आपके प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। अब मैं अपनी दूसरी पारी के लिए आपका आशीर्वाद और सहयोग चाहूंगी। मिताली ने साथ ही कहा, हर सफर की तरह ही मेरे क्रिकेट करियर का भी कहीं न कहीं अंत होना ही था। मैं आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के हर प्रारुप को अलविदा कह रही हूं। मैं मन में हमेशा भारतीय टीम को जिताने का इरादा लेकर उतरती हूं। मुझे जिस प्रकार भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करने का मौका मिला, उसे मैं हमेशा ही याद रखूंगी। मुझे लगता है कि अब मेरे संन्यास का सही समय आ गया है क्योंकि कई युवा खिलाड़ी अवसर का इंतजार कर रहीं हैं। भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है। मिताली ने साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और सचिव जय शाह से मिले समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया। साथ ही कहा कि इतने सालों तक टीम की कप्तानी करना सम्मान और गर्व की बात है। मुझे इसने एक बेहतर इंसान बनने में मदद की और उम्मीद करती हूं कि भारतीय महिला क्रिकेट को भी इसका लाभ हुआ होगा। एक खिलाड़ी के तौर पर मेरा यह सफर भले ही खत्म हो गया है पर दूसरा इंतजार कर रहा है इसलिए मैं आगे भी इस खेल से किसी न किसी रुप में अपने को जोड़े रखना चाहती हूं।

साथ ही कहा कि मेरा प्रयास भारत और विश्व में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देना रहेगा। सभी प्रशंसकों के प्यार और सहयोग के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। मिताली के नाम एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है, साथ ही भारत के लिए लंबे वक्त तक कप्तानी करने का रिकॉर्ड भी मिताली के नाम पर ही है. मिताली ने 232 एकदिवसीय मैच में 7805 रन बनाए हैं, इस दौरान मिताली का औसत 50.68 का रहा है। एकदिवसीय क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं। मिताली राज के नाम 7 शतक और 64 अर्धशतक हैं। मिताली ने अपने 23 साल के करियर में केवल 12 ही टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें 43.68 की औसत से 699 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक (214 रन) भी शामिल हैं। वहीं अगर अंतरराष्ट्रीय टी-20 की बात करें तो उन्होंने 89 मैच में 2364 रन बनाए हैं, टी-20 इंटरनेशनल में भी मिताली ने 17 अर्धशतक लगाये हैं। मिताली राज के नाम बतौर कप्तान सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 155 एकदिवसीय मैच में कप्तानी की, जिसमें 89 में जीत और 63 में हार मिली है। वह विश्व की एकमात्र ऐसी कप्तान हैं, जिन्होंने 150 से अधिक एकदिवसीय मैचों में कप्तानी की है।

# टीएनसीए में खेलकर इंग्लैंड टेस्ट की तैयारी करेंगे अश्विन




**चेन्नई (ईएमएस)।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अगले माह की शुरूआत में इंग्लैंड में होने वाले पांचवे क्रिकेट टेस्ट मैच की तैयारियों में लग गये हैं। है। अश्विन उसके लिए अभी से अभ्यास में लग गये हैं ओर इसी कारण टीएनसीए प्रथम श्रेणी सेमीफाइनल और फाइनल में एमआरसी ए के लिए खेलने जा रहे हैं। भारतीय टीम 15 जून को इंग्लैंड रवाना होगी जहां उसे टेस्ट से पहले एडबस्टन में लीसेस्टरशर के खिलाफ एक अभ्यास मैच भी खेलना है। अश्विन का प्रदर्शन आईपीएल के 15 वें सत्र में भी अच्छा रहा था। तब उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स फाइनल तक पहुंची थी। इस स्पिनर ने कहा कि टीएनसीए में प्रथम श्रेणी मैच खेलने का लक्ष्य टी20 से अपने को लाल गेंद के प्रारूप के लिए तैयार करना है। यह सब कार्यभार प्रबंधन से ही हासिल होता है और उम्र व अनुभव से ही हम इसमें पारंगत होते हैं। उन्होंने कहा कि मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अपने खेल का आनंद ले रहा हूं और इंग्लैंड में भी वही करना चाहता हूं। अश्विन ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी अधिक से अधिक योगदान दे सकता हूं। इसलिए मैं अपनी फिटनेस बेहतर रखना चाहता हूं। साथ ही का कि मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं और इसलिए अधिक बड़े लक्ष्य नहीं बना रहा।

# आईपीएल के कारण खेल बेहतर हुआ : वैन डेर डूसन




भारत के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की अहम भूमिका निभाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज वैन डेर डूसन ने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय आईपीएल में मिले अनुभव को बताया। वहीं भारत के खिलाफ पहले मैच में इस बल्लेबाज ने 75 रन बनाये थे। डूसन ने कहा, मैंने बहुत सारे आईपीएल मैच देखे हैं, मुझे हालांकि खेलने का ज्यादा अवसर नहीं मिला है, (मुझे) इस बात का अच्छे से अंदाजा था कि भारतीयगेंदबाज क्या कर सकते हैं और हालात किस प्रकार के रहेंगे। डूसन ने इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था। उन्होंने कहा, मैंने भारत में दो महीने बिताए जिससे मैं हालातों के अनुरुप ढ़ल गया। यह सभी के साथ होता है। इस साल आईपीएल में हमारे पास बहुत सारे खिलाड़ी थे और इससे हमें पहले गेम के अनुरुप ढ़लने में सहायता मिली। इसके साथ ही डूसन ने अपनी टीम के साथी बल्लेबाज डेविड मिलर की तारीफ करते हुए कहा कि उसकी बल्लेबाजी से मेरे ऊपर आया दबाव कम हुआ। डूसन ने कहा, मिलर पूरी तरह से भारतीय गेंदबाजों पर हावी रहे क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने भारतीय स्पिनरों, विशेष रूप से अक्षर पटेल को हैरान करते हुए केवल 31 गेंदों में ही 64 रन बना दिये। उन्होंने गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना दिया जिसका हमें लाभ मिला।

# अपनी वापसी से उत्साहित हैं हार्दिक पांड्या




**मुम्बई (ईएमएस)।** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि लंबे समय तक खेल से बाहर रहने के कारण मैं अपने को साबित करना चाहता था। हार्दिक ने कहा कि टीम इंडिया में वापसी से मैं उत्साहित हूं क्योंकि देश के लिए खेलना हमेशा ही सबसे अहम होता है। इससे पहले आईपीएल में गुजरात टाइटंस की खिताबी जीत से भी मेरा मनोबल बढ़ा और मुझे लाभ हुआ। साथ ही कहा कि वापसी के लिए उन्हें काफी मेहनत भी करनी पड़। इसमें सुबह चार बजे मैदान पर पहुंचना और शाम तक अभ्यास करना शामिल है। इस दौरान मेरे खेल को लेकर भी कई सवाल उठे पर मैंने उन बातों पर ध्यान न देते हुए अभ्यास जारी रखा जिसका मुझे लाभ हुआ है।

हार्दिक ने कहा कि आज जो भी सीरीज या मैच खेलते हैं, वह महत्वपूर्ण होती है। मेरे लिए अब विश्व कप आगामी लक्ष्य है। इसकी तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज सही मंच है। अब लगातार खेलना है इसलिए आपको लय में बने रहने की जरूरत होती है। यह सीरीज मेरे लिए अपने को व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर है हालांकि मेरी भूमिकाओं में बदलाव आता रहेगा।

# स्टार पैरा शूटर अवनी लेखरा का कमाल, पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में जीता दूसरा गोल्ड मेडल

**– प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत की स्टार पैरा शूटर अवनी लेखरा ने फ्रांस के चेटौरौक्स में हो रहे पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में कमाल करते हुए शनिवार को अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। अवनी लेखरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की एसएच-1 कैटेगरी में 458.3 के स्कोर के साथ यह पदक अपने नाम किया है। 20 वर्षीय अवनी लेखरा ने इससे पहले मंगलवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 स्पर्धा में 250.6 अंक के वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया था। अवनी लेखरा की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चेटौरौक्स में एक और गोल्ड जीतने के लिए अवनी लेखरा पर गर्व है। नई ऊंचाइयों को छूने का उनका दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय है। मैं उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

**बहुत भावुक हूं : अवनी लेखरा –** दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद अवनी लेखरा ने एक ट्वीट में कहा कि बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं इस वर्ल्ड कप का दूसरा स्वर्ण पदक 50एम 3पी इवेंट में 458.3 के स्कोर के साथ घर लेकर आई हूं। इससे अधिक खुश नहीं हो सकती।

**पहला स्वर्ण पदक जीतने पर भी दी थी प्रधानमंत्री ने बधाई –** पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में अवनी लेखरा द्वारा बीते मंगलवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी थी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट करते हुए कहा था कि ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अवनी लेखरा को बधाई। आप सफलता की नयी ऊंचाइयां हासिल करती रहें और दूसरों को प्रेरित करती रहें। मेरी शुभकामनाएं।

# चेन्नइयिन ने डिफेंडर गुरमुख से करार किया




**चेन्नई (ईएमएस)।** चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले के लिए राजस्थान युनाइटेड एफसी की रक्षापंक्ति के खिलाड़ी गुरमुख सिंह के साथ दो साल का अनुबंध किया है। गुरमुख आई-लीग फुटबॉल में राजस्थान युनाइटेड की ओर से खेलते हैं। गुरमुख ने कहा कि जब से मैंने फुटबॉल खेलना शुरू किया है, आईएसएल में खेलना हमेशा से ही मेरा लक्ष्य रहा है और आज यह सच हुआ है। मुझ पर विश्वास रखने के लिए मैं चेन्नईयिन टीम का आभारी हूं। इस फुटबॉलर ने अपने पदार्पण सत्र में राजस्थान की टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर उसे 2021 में आई-लीग के दूसरे डिवीजन में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह ईस्ट बंगाल अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद वह मिनर्वा अकादमी एफसी में भी थे। चेन्नइयिन की ओर से कहा गया है कि गुरमुख के आने से उनकी टीम की रक्षापंक्ति और बेहतर होगी।




जकार्ता में महिलाओं के युगल सेमीफाइनल में भाग लेती हुई जियोंग ना इन व किम हयी जियांग। (फोटो–ईएमएस)

# विंबलडन के कारण बर्लिन ओपन से हटीं स्वियातेक

**बर्लिन (ईएमएस)।** पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक बर्लिन टेनिस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी। स्वियातेक ने कंधे में खिंचाव के कारण अगले सप्ताह होने वाले इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। साथ ही कहा कि वह 27 जून से होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से पहले तरोताजा होना चाहती हैं। विश्व की इस नंबर एक खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें अभी आराम की जरूरत है। स्वियातेक के अलावा विश्व रैंकिंग में दूसरे और तीसरे स्थान पर कायम एनेट कोंटावेइट और पाउला बडोसा और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका भी इस टूर्नामेंट से हट गई है। स्वियातेक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह ह्यवह बार-बार कंधे में दर्द से परेशान हैं और इसी कारण उन्हें बर्लिन टूर्नामेंट से हटना पड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं विंबलडन में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी आराम पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं।

# एफआईएच प्रो लीग : पहले ही मैच में बेल्जियम से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम



**एंटवर्प ( ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में अच्छी शुरूआत नहीं रही और उसे पहले ही मैच में मेजबान टीम बेल्जियम ने 1-2 से हरा दिया। इस मैच में दोनो ही टीमों ने आक्रामक शुरूआत करते हुए हमले शुरू कर दिये। बेल्जियम की ओर से तीसरे ही मिनट में कप्तान नेलेन बारबरा ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मेजबान टीम को पांचवें और सातवें मिनट में भी पेनल्टी कॉर्नर मिले पर भारतीय टीम के रक्षकों ने इन दोनो को ही नाकाम कर दिया। एक गोल से पीछे होने के बाद भारतीय टीम ने भी हमले शुरू कर दिया। इस दौरान भारतीय टीम को भी एक पेनाल्टी कार्नर मिला पर कप्तान रानी इसे गोल में नहीं बदल पायी। वहीं तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम की खिलाड़ियों ने एक के बाद एक हमले किये जिससे उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इस गोल में नहीं बदल पायी। आंद्रे बालेंगियेन ने 35वें मिनट में गोल करके अपनी टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में कई प्रयास किए और दो में से एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मेजबान टीम की बढ़त कम कर दी। 48वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर शॉट लेते हुए इशिका चौधरी का शॉट निशाने पर नहीं लगा पर युवा फॉरवर्ड लालरेम्सियामी ने रिबाउंड पर यह गोल दाग दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद गोल करने के कई प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली जिससे यह मैच उसके हाथों से निकल गया।

DELHI CRIME 13 june 2022:Layout 1 6/12/2022 6:12 AM Page 7



# हिमाचल और उत्तराखंड से लगी चीन सीमा पर गए थल सेनाध्यक्ष, सैनिकों से मिले

**- मध्य क्षेत्र में एलएसी की मौजूदा सुरक्षा स्थिति से कमांडरों ने अवगत कराया**
**- सैनिकों के साथ बातचीत करके उनकी दृढ़ता और उच्च मनोबल को सराहा**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सेना प्रमुख की कुर्सी संभालने के बाद पहली बार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लगी चीन सीमा पर गए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को अग्रिम चौकियों का दौरा किया। तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कमांडरों ने उन्हें मध्य क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की मौजूदा सुरक्षा स्थिति से अवगत कराया। सेना प्रमुख ने केंद्रीय क्षेत्र में शामिल हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ बातचीत करके उनकी दृढ़ता और उच्च मनोबल को सराहा। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे वर्तमान में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर अग्रिम क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। भारतीय थल सेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद सेनाध्यक्ष का इस सेक्टर का यह पहला दौरा है। मध्य कमान के सेना कमांडर और उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी भी सेना प्रमुख के साथ इस दौरे पर हैं। भारतीय सेना ने एक ट्वीट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल जनरल मनोज पांडे ने मध्य क्षेत्र के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और कमांडरों



द्वारा मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सीओएएस ने सैनिकों के साथ भी बातचीत की और उनकी दृढ़ता और उच्च मनोबल के लिए उनकी सराहना की। थल सेना प्रमुख को अग्रिम चौकियों के दौरे पर स्थानीय कमांडर सीमाओं पर मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दे रहे हैं। अग्रिम क्षेत्रों में परिचालन तैयारियों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करते हुए सेना प्रमुख के पर्वतारोहण कौशल और लंबी दूरी की गश्त सहित तैनात संरचनाओं की अधिक ऊंचाई वाली परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन देखने की योजना है। इस दौरान थल सेना प्रमुख इस क्षेत्र में जारी बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों और अग्रिम क्षेत्रों में सेना-नागरिक संपर्क की भी समीक्षा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान कमांडरों के साथ बातचीत करते हुए सेना प्रमुख ने सीमाओं पर सतर्कता और चौकसी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रक्षात्मक मुद्रा में तेजी से सुधार और संरचनाओं की परिचालन तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। सेना प्रमुख ने लगातार निगरानी करने में आधुनिक तकनीक के समावेश की सराहना की। थल सेनाध्यक्ष ने अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान उनके उच्च मनोबल की सराहना की और उनसे पेशेवर उत्कृष्टता के उच्च मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में परिचालन प्रभावशीलता और सतत विकास की दिशा में सेना, सीएपीएफ, नागरिक प्रशासन और पुलिस के बीच उत्कृष्ट तालमेल की भी सराहना की। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे ने भारतीय सेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे अग्रिम इलाकों का दौरा किया था।

## प्रधानमंत्री 14 जून को महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 जून को महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वो पुणे में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज मंदिर और मुंबई में जल भूषण भवन और क्रांतिकारियों की गैलरी का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह गुजराती दैनिक 'मुंबई समाचार' के 200वीं वर्षगांठ समारोह में भी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जून को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 1:45 बजे पुणे के देहू में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज मंदिर का उद्घाटन करेंगे। शाम करीब 4:15 बजे मुंबई के राजभवन में जल भूषण भवन और क्रांतिकारियों की गैलरी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद शाम करीब छह बजे प्रधानमंत्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में मुंबई समाचार के द्विशताब्दी महोत्सव में हिस्सा लेंगे।



**पुणे में पीएम -** प्रधानमंत्री पुणे के देहू में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज मंदिर का उद्घाटन करेंगे। संत तुकाराम एक वारकरी (तीर्थयात्री) संत और कवि थे। वह देहू में रहते थे। उनके निधन के बाद एक शिला मंदिर बनाया गया था, लेकिन इसे औपचारिक रूप से मंदिर के रूप में संरक्षित नहीं किया गया था। इसे 36 चोटियों के साथ पत्थर की चिनाई में बनाया गया है और इसमें संत तुकाराम की मूर्ति भी है।

**मुंबई में पीएम -** प्रधानमंत्री मुंबई में राजभवन में जल भूषण भवन और क्रांतिकारियों की गैलरी का उद्घाटन करेंगे। जल भूषण 1885 से महाराष्ट्र के राज्यपाल का आधिकारिक निवास रहा है। अपना जीवनकाल पूरा करने पर इसे ध्वस्त कर दिया गया और इसके स्थान पर एक नया भवन स्वीकृत किया गया। नए भवन की आधारशिला अगस्त, 2019 में राष्ट्रपति द्वारा रखी गई थी। पुराने भवन की सभी विशिष्ट विशेषताओं को नवनिर्मित भवन में संरक्षित किया गया है। 2016 में महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव को राजभवन में एक बंकर मिला था। इसका उपयोग पहले अंग्रेजों द्वारा हथियारों और गोला-बारूद के गुप्त भंडारण के रूप में किया जाता था। बंकर को 2019 में पुनर्निर्मित किया गया था। महाराष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के योगदान को मनाने के लिए गैलरी को बंकर में अपनी तरह के एक संग्रहालय के रूप में विकसित किया गया है। यह वासुदेव बलवंत फड़के, चापेकर भाइयों, सावरकर भाइयों, मैडम भीकाजी कामा, वीबी गोगेट, 1946 में नौसेना क्रांति और अन्य लोगों के योगदान को श्रद्धांजलि देता है। प्रधानमंत्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में गुजराती दैनिक मुंबई समाचार की 200वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे। साप्ताहिक के रूप में मुंबई समाचार की छपाई एक जुलाई, 1822 को फरदुनजी मरजबानजी द्वारा शुरू की गई थी। यह बाद में 1832 में एक दैनिक बन गया। अखबार 200 वर्षों से लगातार प्रकाशित हो रहा है। इस अनूठी उपलब्धि को मनाने के लिए इस अवसर पर एक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

## कोविड ग्रस्त कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को कोविड संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को आज कोविड से संबंधित समस्याओं के कारण सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में ही रखा गया है। उन्होंने कहा, हम कांग्रेस कार्यकताओं के साथ-साथ सभी शुभचिंतकों को उनकी चिंता और शुभेच्छाओं के लिए धन्यवाद देते हैं।



उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की 2 जून को कोविड संबंधित रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई थी। उसके बाद उनकी बेटी प्रियंका गांधी की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी।

## मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड पावर कारपोरेशन की 13 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**देहरादून, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन से उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लि. एवं पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ लि. की कुल 13 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में 13 यूपीसीएल और 02 पिडकुल की शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनता को समर्पित हुई हैं। उत्तराखंड में ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। देवभूमि उत्तराखंड गंगा एवं यमुना का उद्गम स्थल है। राज्य में जल विद्युत की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में तेजी से कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो, इसके लिए सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। ऊर्जा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से काम करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लिए ऊर्जा का क्षेत्र महत्वपूर्ण है। विद्युत की रोस्टिंग कम से कम किये जाने के प्रयास किये जाएं। जो रोस्टिंग की जा रही है, उसका समय निर्धारित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत मीटरों, बिजली के



बिलों की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्य संस्कृति आई है। राज्य में जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र पर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने से मन में संतुष्टि का भाव तभी आयेगा, जब कार्य पूर्ण मनोयोग से किया जाए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उत्तराखंड में ऊर्जा के क्षेत्र में पर्वतीय राज्य के दृष्टिगत योजनाएं बननी जरूरी हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल एवं पिटकुल अनिल कुमार, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, अपर सचिव अहमद इकबाल, अपर सचिव रंजना राजगुरु एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रपति चुनावः ममता बनर्जी की बैठक में शामिल होगी शिवसेना

**मुंबई, (हि.स.)।** शिवसेना प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में बुलाई गई 15 जून की बैठक में शिवसेना का कोई न कोई प्रमुख नेता हिस्सा लेगा। इस बैठक का निमंत्रण ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री को दिया है। मगर मुख्यमंत्री बैठक में मौजूद नहीं रहेंगे। राऊत ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि कल सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर शरद पवार समेत विपक्ष के नेता से संपर्क किया था। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक पत्र



लिखकर बैठक के लिए शिवसेना सहित गैरभाजपा दलों के नेताओं तथा मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया है। यह निमंत्रण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को भी आया है, लेकिन मुख्यमंत्री पहले से ही तय कार्यक्रम की वजह से बैठक में नहीं जा सकेंगे, शिवसेना का एक प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहेगा। संजय राऊत ने केंद्रीय चुनाव आयोग तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय पर राज्यसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के भाजपा नेताओं ने शिवसेना विधायकों सहित महाविकास आघाड़ी के कई विधायकों का मतदान रद्द करने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि "हमने विश्वासघात करने वाले विधायकों का नाम लिया है। हमने विधायकों के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। हमारा उनका अपमान करने का इरादा नहीं है क्योंकि अगर हमें 2 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) मिल जाए तो फडणवीस भी शिवसेना को वोट देंगे।

## स्वच्छ होने पर ही, स्वस्थ व सशक्त होगा भारत : अनुराग ठाकुर

**फिट इंडिया रन में पहुंचे केन्द्रीय खेल मंत्री, झाड़ू लगाकर किया जागरूक**

**लखनऊ, (हि.स.)।** देश में हजारों लोगों की मौत गंदगी के कारण हो जाती है। शौचालय की सुविधा न होना एक बहुत बड़ी प्रताड़ना थी। इसको प्रधानमंत्री मोदी ने समझा और 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर दिये। यह कहने में तो आसान लगता है लेकिन इसकी महत्ता आप समझें, यदि आठ घंटा आपको कह दिया जाय कि बिना शौचालय के रहना है तो कितना कठिन होता। ये बातें केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कही। वे केडी सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। वे फिट इंडिया रन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने आये थे।

उन्होंने कहा कि यदि स्वच्छ भारत होगा तो स्वस्थ भारत होगा और स्वस्थ भारत होगा तो सशक्त भारत होगा। स्वच्छता अभियान का भी देख लें, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों की सोच बदली है। अब लोग कोई कूड़ा फेंकने के लिए डस्टबिन ढूढते हैं और उसी में गंदगी को डालते हैं। हर जगह स्वच्छता का माहौल बना। वहीं आरोग्य सेतु एप का भी हाल है। कोरोना काल में भी लोग जागरूक दिखे। यही कारण रहा कि हम कोरोना से लड़ने में सफल रहे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप स्वच्छता अभियान को आप नियमित रूप से करेंगे तो निश्चय ही हम स्वच्छ व स्वस्थ रहने में कामयाब होंगे। अनुराग ठाकुर ने इससे पहले



जागरूकता अभियान के तहत झाड़ू भी लगाई। इससे पहले वे साई सेंटर भी गये, जहां पर युवा व बाल खिलाड़ियों ने फिटनेस के करतब दिखाई। अनुराग ठाकुर ने बच्चों के करतब को देखकर जमकर सराहना की। अनुराग ठाकुर के साथ प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, खेल निदेशक आरपी सिंह भी मौजूद रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेल में भी प्रेरणा लेने की जरूरत होती है। एक-दूसरे को देखकर युवा प्रेरित होते हैं। हमें युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत है। इसके लिए साई, केडी सिंह स्टेडियम आदि अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने उपेन्द्र तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि जब ये उपेन्द्र तिवारी यहां के खेल मंत्री थे तो कई इंडोर स्टेडियम बनाने की इन्होंने शुरूआत की। युवाओं को प्रेरित करने का काम किया। हम उम्मीद करते हैं कि आगे भी वह काम चलता रहेगा।


**हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख**

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी – मोहित शुक्ला**

**सदस्य एवं रिपोर्टर**

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**83750 00628**



**ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN**

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹ 1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹ 60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹ 90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹ 66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹ 36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹ 51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹ 36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹ 21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹ 30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 13 june 2022:Layout 1 6/12/2022 6:12 AM Page 8



# मूवी खुफिया को लेकर तब्बू ने किए कई खुलासे




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज अदाकारा तब्बू इन दिनों अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 2 को लेकर वाहवाही बटोर रही हैं। फिल्म में अंजुलिका और मंजुलिका का किरदार निभाकर वह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाई हुई हैं। इस फिल्म के बाद तब्बू अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर बिजी हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम है खुफिया है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म के रिलीज होने से पहले तब्बू ने मूवी को लेकर कई खुलासे किए हैं, इसकारण वहां फिर खबरों में छा गई हैं। इंटरव्यू के दौरान तब्बू ने कहा कि खुफिया एक जासूसी फिल्म है। इसमें विशाल भा-रद्वाज का सिग्नेचर टच है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म अमर भूषण के लोकप्रिय जासूसी उपन्यास एस्केप टू नोव्हेयर पर आधारित है। फिल्म में अली फजल, वामिका गब्बी और आशीष विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। तब्बू ने कहा, यह फिल्म वास्तव में अच्छी बनी है। यह अपने सिग्नेचर टच के साथ क्लासिक विशाल फिल्म की तरह रोमांचकारी, लेकिन अलग है। हमारे पास एक शानदार कलाकारों की टुकड़ी भी है और उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। यह हम सभी के लिए एक निजी फिल्म है, क्योंकि हमने चुपचाप दिल्ली में फिर कनाडा में शूट किया। यह एक ऐसी दुनिया है जो, उम्मीद है, आपको पसंद आएगी। खुफिया की कहानी में एक रॉ ऑपरे-टव कृष्णा मेहरा की कहानी दिखाई जाएंगी, जिसे एक जासूस और प्रेमी की दोहरी पहचान से जूझते हुए भारत के रक्षा रहस्यों को बेचने वाले का पता लगाने के लिए सौंपा गया है।

# दिशा पाटनी ने तेलुगु फिल्म 'लोफर' से की थी करियर की शुरूआत



अपने डांस मूव्स के लिए मशहूर बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा दिशा पाटनी को लेकर यंगर्स में एक खासा क्रश देखा जाता है। 13 जून,1992 को जन्मी दिशा पाटनी के पिता जगदीश सिंह पाटनी एक पुलिस अधिकारी हैं जबकि उनकी मां एक हेल्थ इंस्पेक्टर हैं। लेकिन दिशा ने अपने माता-पिता से अलग अभिनय को अपना करियर चुना और बहुत कम समय में एक खास मुकाम हासिल किया। दिशा ने अपनी करियर की शुरूआत साल 2015 में आई तेलुगु फिल्म 'लोफर' से की थी। इस फिल्म में वो वरुण तेज के अपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'एमएस धोनी - द अनटोल्ड स्टोरी' से बॉलीवुड में एंट्री की थी। ये फिल्म पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान एमएस धोनी की बायोपिक थी। इसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। वहीं दिशा ने धोनी की प्रेमिका का किरदार निभाया था। दिशा फिल्म में कुछ ही समय के लिए ही नजर आईं थीं, लेकिन अपनी मुस्कान से उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया था। इस फिल्म के बाद दिशा को कई फिल्मों और विज्ञापनों के ऑफर मिलने लगे। दिशा ने अपने अब तक के करियर में बागी 2, भारत, मलंग, बागी 3 और राधे जैसी फिल्में की हैं। निजी जिंदगी की बात करें तो दिशा का नाम टाइगर श्रॉफ के साथ जुड़ता रहा है। दोनों अक्सर एक -दूसरे के साथ टाइम बिताते हुए देखा गया है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी कभी भी खुलकर इसपर कुछ नहीं कहा। दिशा पाटनी अभिनय, फिटनेस और अपने डांस मूव्स के साथ -साथ एक फिटनेस फ्रीक भी मानी जाती हैं और आए दिन उनके वीडियो सामने आते हैं जिसमें वो धमाकेदार स्टंट करतीं नजर आ जाती हैं। इसके अलावा उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया है जिसे फैंस काफी पसंद करते हैं। दिशा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती है और उनके फैन फ्लोइंग की संख्या लाखों में हैं। वर्कफ्रंट की बात करे तो दिशा पाटनी जल्द ही फिल्म 'एक विलेन रिटर्न' और 'योद्धा' में अभिनय करती नजर आएंगी।

# मशहूर फैशन डिजाइनर प्रत्युषा गारिमेला की बाथरूम में मिली लाश



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर फैशन डिजाइनर प्रत्युषा गारिमेला शनिवार को तेलंगाना के बजारा हिल्स अपार्टमेंट में मृत पाई गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, 35 वर्षीय फैशन डिजाइनर प्रत्युषा बंजारा हिल्स में रहती थीं। शनिवार दोपहर जब उन्होंने सिक्योरिटी चेक का कोई जवाब नहीं दिया तो उनके गार्ड्स ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई, जहां डिजाइनर का शव बाथरूम में पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच के दौरान उनके कमरे से एक कार्बन मोनोऑक्साइड की बोतल मिली है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा कि प्रत्युषा ने स्टीम के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड लिया। पुलिस की मानें तो प्रत्युषा ने बाथरूम में कोयला और स्टीम ली थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। पुलिस ने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी मौत की जानकारी उनके परिवार को दे दी गई है। पिछले कुछ समय से प्रत्युषा डिप्रेशन का शिकार थीं।

कहा जा रहा है कि उनका उपचार भी चल रहा था। हालांकि अभी इस बारे में पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए ओसमानिया अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं उन्होंने आत्महत्या तो नहीं की है। प्रत्युषा का खुद का फैशन लेबल 'प्रत्युषा गरिमेला' के नाम से कपड़ों का ब्रांड है। जिसका फ्लैगशिप स्टोर हैदराबाद, मुंबई में है। इसके अलावा डिजाइनर इंस्टाग्राम के जरिए भी अपने डिजाइन्स साझा करती थीं। इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों में उनके डिजाइन किए गए ज्यादातर आउटफिट भारतीय स्टाइल में होते हैं।

# मनीष मल्होत्रा ने नीतू कपूर के साथ किया 'द पंजाबन सॉन्ग' पर डांस



फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में मनीष मल्होत्रा, नीतू कपूर और उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ 'द पंजाबन सॉन्ग' का हुक अप स्टेप करते हुए नजर आ रहे हैं। मनीष ने इस वीडियो को फिल्म मेकर को डेडिकेट करते हुए कैप्शन में लिखा, "करण यह आपके लिए... फ्राइडे नाइट लाइव हमारी पंजाबन के साथ।" वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। करण ने वीडियो पर रिएक्ट करते हुए लिखा, "बहुत शानदार, तुम्हें हीरो बन जाना चाहिए।" वीडियो में मनीष, नीतू और रिद्धिमा ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते दिख रहे हैं। राज मेहता के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'जुगजुग जियो' 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में नीतू कपूर के अलावा, अनिल कपूर, कियारा आडवाणी और वरुण धवन लीड रोल में हैं।

# केआरके ने ब्रह्मास्त्र फिल्म की टीम को कहा कंफ्यूज



फिल्म क्रिटिक कमाल राशिद खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के मेकर्स को कंफ्यूज बताया है। दरअसल हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने कहा था कि ये फिल्म वेस्टर्न कल्चर फैंटेसी और इंडियन माइथोलॉजी से बनी है। वहीं रणबीर कपूर ने इस फिल्म को चमत्कार कहा था। अब फिल्म के बारे में अलग-अलग बातें सुनकर केआरके ने इस पर रिएक्ट किया है। केआरके ने अपने पोस्ट में लिखा, 'ब्रह्मास्त्र के मेकर्स कंफ्यूज हैं। वे सभी अलग-अलग बातें कह रहे हैं। डायरेक्टर कह रहे हैं कि ये एक सुपरहीरो की फिल्म है। करण कह रहे हैं, ये फिल्म बाहुबली जैसी है। रणबीर कह रहे हैं कि ये सुपरहीरो फिल्म नहीं है। ओह भाई पहले आप सब एक साथ बैठकर डिसाइड कर लो कहना क्या है?' केआरके पहले भी कई बार 'ब्रह्मास्त्र' और रणबीर को ट्रोल कर चुके हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर लिखा था, 'पिछले 9 साल से फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' बन रही है। कैनेडियन अक्की भाई हर साल 4 फिल्में करते हैं और कम से कम 100 करोड़ चार्ज करते हैं। मतलब अक्की की 9 सालों में 36 फिल्मों रिलीज हुई होंगी, उन्होंने 3,600 करोड़ के लगभग कमाई की है। जबकि रणबीर बिना किसी इनकम के इस बार अपनी गर्लफ्रेंड आलिया पर ज्यादा पैसे खर्च कर रहे हैं।' इस पोस्ट में केआरके ने रणबीर कपूर को बेवकूफ भी बताया था।

# ब्रिटनी स्पीयर्स ने 55 घंटे में तोड़ दी थी पहली शादी



पॉपुलर अमेरिकन पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स ने मंगेतर सैम असगरी से शादी कर ली है। कैलिफोर्निया में हुई इस सीक्रेट शादी में उनके एक्स हस्बैंड जेसन एलेक्जेंडर ने खूब हंगामा मचाया और उनकी वेडिंग पार्टी खराब करने की कोशिश की। वैसे ब्रिटनी की लव लाइफ हमेशा सुर्खियों में रही है। ब्रिटनी की सैम से तीसरी शादी है। इससे पहले वे 2 बार शादी कर चुकी हैं। ब्रिटनी ने 2004 में अपने बचपन के दोस्त जेसन से शादी की थी। लेकिन, ब्रिटनी ने इस शादी को केवल 55 घंटे में ही तोड़ दिया था। इसके बाद ब्रिटनी ने रैपर केविन फेडरलिन के साथ दूसरी शादी की, जिनसे इनके दो बच्चे सीन प्रेस्टन और जेडेन जेम्स हैं। यह शादी भी ज्यादा नहीं टिक पाई और 2007 में दोनों ने तलाक ले लिया। वैसे, ब्रिटनी की जिंदगी काफी कंट्रोवर्शियल रही है। कई बार वे अजीबोगरीब हरकतों की वजह से भी फेमस हुई हैं। एक बार मेंटल ब्रेक-डाउन होने की वजह से उन्होंने अपने सारे बाल भी काट लिए थे। कार का कांच भी तोड़ दिया था। इतना ही नहीं इनपर अपने बच्चों को भी बहुत लापरवाही से हैंडल करने के आरोप लगे थे। ब्रिटनी पिता जैमी के साथ अपने खराब रिश्तों की वजह से चर्चा में रही हैं।

# पूजा के साथ हुआ बुरा व्यवहार, खुद किया इसका खुलासा




**मुंबई (ईएमएस)।** पूजा हेगड़े अपनी फिल्मों और सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। वैसे पूजा अपने शांत स्वभाव के लिए जानी जाती हैं और अक्सर पैपराजी के सामने भी वह क्यूट अंदाज में खुद को प्रजेंट करती हैं। हाल ही में पूजा हेगड़े का गुस्से वाला रूप तब देखने को मिला जब उनके साथ फ्लाइट में गलत व्यवहार का मामला सामने आया। इसका खुलासा खुद पूजा ने किया है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए ट्विटर पर सुनाई आपबीती सुनाई, जिसके बाद एयरलाइन कंपनी ने उनसे माफी भी मांगी। हाल ही में उन्होंने ट्वीट कर इंडिगो एयरलाइन के एक स्टाफ द्वारा की गई बदतमीजी और धमकी भरे लहजे में बात को अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने ट्वीट कर और इंडिगो एयरलाइन टैग कर लिखा, मैं इस बात से बहुत दुखी हूं कि कैसे इंडिगो के स्टाफ मेंबर विपुल नकशे ने मुंबई की फ्लाइट में हमसे बुरा व्यवहार किया। बिना किसी वजह के हमसे एरोगेंट, इग्नोरेंट और धमकी भरे लहजे में बात की।

# कभी ईद कभी दिवाली में शहनाज गिल के बाद इस हसीना की हुई एंट्री




सलमान खान की आगामी फिल्म कभी ईद कभी दिवाली को लेकर एक लेटेस्ट खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि शहनाज गिल के बाद अब भाईजान पलक तिवारी पर मेहरबान हुए हैं और उन्हें अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अपने ग्लैमरस लुक के कारण चर्चा में रहने वाली पलक तिवारी जल्द ही सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली में नजर आयेंगी। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पलक तिवारी ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है और जल्द ही वह इसकी शूटिंग भी शुरू करेंगी। गौरतलब है कि सलमान खान की आगामी फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म में सलमान खान के साथ पहली बार अभिनेत्री पूजा हेगड़े स्क्रीन शेयर कर रही हैं, जो फिल्म में सलमान के अपोजिट नजर आएंगी। इन दोनों के अलावा सूरज पंचोली, सूरज इकबाल, शहनाज गिल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे । कभी ईद कभी दिवाली को फरहाद सामजी निर्देशित करेंगे।

# जान्हवी कपूर की सादगी पर फिदा हुए फैंस



बॉलीवुड की 'धड़क' गर्ल जान्हवी कपूर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती रहती है। शनिवार को भी जान्हवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह काले रंग की ड्रेस में हैं। इसके साथ ही उन्होंने डेनिम जैकेट पहना हुआ है और लाइट मेकअप किया है। इन तस्वीरों में जान्हवी हरी भरी खुली जगह पर प्रकृति के नजारों का मजा लेती नजर आ रही है। जान्हवी की इन तस्वीरों में उनके सादगी और मासूमियत भरे अवतार को देख फैंस फिदा हो गए हैं और उनकी इन तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा और फिल्ममेकर अश्विनी अय्यर ने जान्हवी की इन तस्वीरों पर दिल वाली इमोजी बनाकर प्रतिक्रिया दी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो जान्हवी कपूर जल्द ही सिद्धार्थ सेनगुप्ता की फिल्म 'गुड लक जैरी',अपने पिता बोनी कपूर की फिल्म 'मिली' और साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'बवाल' में अभिनय करती नजर आएंगी।

# ओटीटी डेब्यू को लेकर काफी एक्साइटेड हैं बोमन ईरानी



बॉलीवुड एक्टर बोमन ईरानी ने हाल ही में अपने डिजिटल डेब्यू की अनाउंसमेंट की है। एक्टर 62 साल की उम्र में सीरीज 'मासूम' से अपना ओटीटी डेब्यू करेंगे। बोमन ने वेब डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वो इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। ओटीटी डेब्यू के बारे में बात करते हुए एक्टर ने कहा, "यह एक डेब्यू है और 62 साल की उम्र या किसी भी उम्र में डेब्यू करना बहुत अच्छी बात है। लेकिन फॉरमेट की वजह से यह थोड़ा सा चैलेंजिंग है। हम एक स्टोरी की शूटिंग कर रहे हैं, जो 6 एपिसोड में दिखाई जाएगी। ओटीटी पर कैरेक्टर प्ले करने का एक एडवांटेज है कि आप एक एक्टर के तौर पर आपके पास अपने पंख फैलाने और कैरेक्टर को पूरी तरह से विकसित करने और उसे देने के लिए बहुत अधिक समय है।" बोमन ने आगे कहा, "सिनेमा में कभी-कभी आपको 1 घंटा या 45 मिनट में आपको सब पूरा करना होता है। जिसकी वजह से कुछ चीजें छूट जाती हैं। यह एक बहुत ही शानदार मौका है और मैंने इसे दोनों हाथों से पकड़ लिया है।"

# अमिताभ बच्चन के बाद फिल्म ब्रह्मास्त्र से जारी हुआ नागार्जुन का फर्स्ट लुक




लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र का ट्रेलर 15 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है। लेकिन इससे पहले निर्माताओं ने एक-एक करके फिल्म के किरदारों के फर्स्ट लुक जारी करने शुरू कर दिए हैं। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन के बाद मेकर्स ने अब शनिवार को साउथ सुपरस्टार नागार्जुन का धमाकेदार मोशन पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर के जरिए निर्माताओं ने बताया है कि उनके किरदार का नाम अनीश है। फिल्म के निर्देशक अयान मुखर्जी ने फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- 'आर्टिस्ट अनीश और उनका नंदी शस्त्र.. जब मैं बड़ा हुआ (आखिरकार), मैं हमेशा नागार्जुन जी की तरह बनना चाहता था। एक जेंटलमैन जिनका दिल गर्मजोशी से भरा है। वो ब्रह्मास्त्र की दुनिया में आए और हमारी फिल्म को अपनी जादुई ऊर्जा से भर दिया। हमारे पूरे क्रू का दिल अपनी विनम्रता और उदारता से जीत लिया। और हमारे सपने को पूरा करने में अहम योगदान दिया। जिसकी वजह से पैन इंडिया मूवी ब्रह्मास्त्र का निर्माण हो सका। उनका नंदी अस्त्र, मेरे हिसाब से, हमारी फिल्म का एक अहम हिस्सा है।' उल्लेखनीय है कि फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन,मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में इन तीनों कलाकारों के अलावा नागार्जुन, डिम्पल कपाड़िया और मौनी रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।। फिल्म को करण जौहर, रणबीर कपूर, अपूर्व मेहता और नामित मुखर्जी संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में 9 सितंबर, 2022 को रिलीज होगी।

## सूडोकु नवताल- 6100

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6099 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6847

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | दि | ल | वा | ले | ह | ट | अं | क | र |
| छ | च | दी | ह | रिं | लै | ता | दि | त | को | घु |
| स | र | ह | वा | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | वी |
| पू | म | दा | च | ने | क | ड़ | ढा | ल | र | र |
| त | बॉ | र्ड | र | हा | हु | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ए | ती | झ़ | न | ती |
| ट | र | बु | अं | र | म | ट | पा | ला | ह | क |
| क | ज | क्ष | ला | क | छ | सौ | न | ग | जू | ट |
| ह | थो | तें | क | ह | ज | दा | ने | दा | ल | द |
| र | ल | प | ति | मो | ह | रा | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

*शब्द जाल में सुनील शेट्टी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

अंत, दिलवाले, सपूत, रक्षक, रघुवीर, मोहरा, दीवाने हुए पागल, ढाल, बॉर्डर, कहर

**शब्दजाल - 6846 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | जि | मि | ल | न | का | र | प | श |
| न | का | क | ग | इं | डो | ने | ग | ति | मा | म |
| अ | दा | र | री | मा | ग | ब | द | ह | प | शी |
| जी | ग | ल | दो | भा | न | स | च | ह | लि | र |
| त | अ | अ | स्त | न | ई | मे | ह | प | न | दे |
| अ | नो | खी | रा | त | प | भा | त | ह | न | बां |
| ह | मा | ल | मा | व | मे | ला | ई | मा | न | ग |
| सा | न | भा | र | न | प | रे | रा | ल | वि | ला |
| न | न | बा | आ | ग | का | र | दो | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स | स्त | प | श |
| ब | र | ब | ड़ी | दी | दी | स | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5800

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 3 | 2 | |
| 2 | 35 | | 26 | | 28 | 6 |
| | 7 | | 4 | 1 | 6 | |
| | 28 | 4 | 27 | | 36 | 4 |
| | 2 | 3 | | 5 | | |
| 6 | 35 | 7 | 35 | | 38 | 2 |
| 3 | | | 1 | | 4 | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5799 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in